हिंदी दैनिक

# नागपुर मेट्रो समाचार

BCN GROUP

आपकी लगन और मेहनत अवश्य रंग लाएगी, परीक्षाओं में सफलता के लिए शुभकामनाएं! संपादक, नागपूर मेट्रो समाचार.

RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 | P.NO : NPCITY/516/2021-2023 नागपुर, मंगलवार, 11 फरवरी 2025 अंक 120/ वर्ष 6 / पृष्ठ 8+4 / कीमत 3/-

EXCLUSIVE WEDDING COLLECTION
•LACHA •BANARASI •LEHENGA •DESIGNER • FANCY WORK
वैशाली
लाछा अँन्ड सारिज़
लाछा और साडीयों की महारानी
सराफा बाजार, इतवारी नागपुर. 9529081789, 9325112561 | समय: 10.00से 7.30 रविवार बंद

# ज्ञान और एग्जाम दोनों अलग चीजें: पीएम मोदी

टाइम मैनेजमेंट को लेकर भी पीएम ने स्टुडेंट्स को दिया गुरुमंत्र

**नई दिल्ली.**

'परीक्षा पर चर्चा 2025' का आज यानी 10 फरवरी 2025 को आंठवां संस्करण आयोजित हुआ। इस प्रोग्राम में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्र-छात्राओं से बातचीत की और इस दौरान उन्होंने स्टुडेंट्स को एग्जाम से लेकर प्रकृति सुरक्षा पर टिप्स दिए। इसके अलावा पीएम मोदी ने टाइम मैनेजमेंट, एग्जाम प्रेशर आदि मुद्दों पर भी स्टुडेंट्स को टिप्स दीं। तो आइए इस खबर के माध्यम से जानते हैं कि पीएम मोदी ने परीक्षा पे चर्चा के दौरान छात्र-छात्राओं को क्या टिप्स दीं।



टाइम मैनेजमेंट: पीएम मोदी ने छात्रों को प्रभावी प्रबंधन के लिए योजनाबद्ध तरीके से अपना समय को मैनेज करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, "अपने समय के विषय में सोचना है। में अपने समय ज्यादा से ज्यादा उपयोग कैसे करूं, ये सोचना। कागज पर लिखकर तय करना चाहिए। दूसरे दिन मार्क कीजिए मैनें किए कि नहीं। सिर्फ पसंदीदा विषय को ही नहीं अप्रिय विषय को भी पढ़ना चाहिए।"

खुद से स्पर्धा करें' - प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों से कहा कि खुद से स्पर्धा करें। जो ऐसा करता है उसका विश्वास कभी नहीं टूटता। पेपर छूटने का डर- छात्र के सवाल का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने छात्रों से कहा पिछले सालों के पेपर सॉल्व करें और इसकी प्रैक्टिस करें। फेलियर के डर पर पीएम मोदी क्या बोले - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पजीवन परीक्षाएं नहीं। आप फेल हो जाएंगे तो फिर से मौका मिल जाएगा। इसके चक्कर में अपनी मानसिक हेल्थ खराब न करे। जीवन अनमोल है, आपका रिजल्ट नहीं। 'वर्तमान पर फोकस' - प्रधानमंत्री ने छात्रों से यह भी कहा कि वर्तमान पर फोकस करें।

प्रकृति का शोषण हमारा कल्चर नहीं' -नेचर की रक्षा को लेकर एक छात्रा के सवाल का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा प्रकृति का शोषण हमारा कल्चर नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी लाइफस्टाइल ऐसी हो जो प्रकृति की रक्षा करें।

### 'ज्ञान, एग्जाम दोनों अलग चीजें'

पीएम मोदी ने एक छात्र के सवाल का जवाब देते हुए कहा कि ज्ञान और एग्जाम दोनों अलग चीजें हैं। उन्होंने कहा, "ज्ञान को जितना प्राप्त कर सकते हैं करना चाहिए लेकिन एग्जाम सबकुछ नहीं है, ज्ञान और एग्जाम दोनों अलग चीजें हैं।"



## छत्तीसगढ़ निकाय चुनाव के लिए मतदान आज



**रायपुर.**

छत्तीसगढ़ में कल यानी 11 फरवरी 2025 को नगरीय निकाय चुनाव के मतदान होना है, जिसमें अब कुछ घंटे ही शेष रह गए हैं। कुल 173 नगरीय निकायों में वोटिंग होनी है, जिसमें 10 नगर निगम और 49 नगर पालिका परिषद शामिल हैं। इस चुनाव के लिए कुल 5982 केंद्रों पर वोटिंग होनी है। छत्तीसगढ़ में जिन 10 नगर निगमों में चुनाव होने हैं उसमें जगदलपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, धमतरी, रायपुर, बिलासपुर, रायगढ़, कोरबा, अंबिकापुर और चिरमिरी शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में इस बार नगरीय निकाय चुनाव के लिए मतदान ईवीएम मशीन के माध्यम से होगा। वोटिंग कल 11 फरवरी को सुबह 8 बजे से शुरू हो जाएगी। इसकी काउंटिंग 15 फरवरी 2025 को की जाएगी। बता दें कि इस चुनाव में महापौर के 79 और 1889 पार्षद प्रत्याशियों के साथ अध्यक्ष पद के लिए 606 उम्मीदवार चुनावी रण के मैदान में हैं।

## 12वीं बोर्ड परीक्षा आज से

### 15 लाख से ज्यादा छात्र देंगे परीक्षा, नकल रोकने के लिए प्रदेश भर में 271 उड़नदस्ते नियुक्त

**मुंबई.**

महाराष्ट्र में 12वीं की परीक्षाएं आज 11 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं. 12वीं की परीक्षा 11 फरवरी से 18 मार्च तक होगी. इस साल 12वीं परीक्षा के लिए कुल 15 लाख 5 हजार 37 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है. इस कुल संख्या में से 8 लाख 10 हजार 348 लड़के हैं, जबकि 6 लाख 94 हजार 652 लड़कियां हैं।

इस परीक्षा के लिए 37 तृतीय पक्ष नागरिकों ने भी पंजीकरण कराया है। महाराष्ट्र में कुल 10 हजार 550 जूनियर कॉलेज के छात्रों ने पंजीकरण कराया है और इस परीक्षा के लिए पूरे राज्य के छात्रों के लिए 3 हजार 373 मुख्य केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई है। विज्ञान विभाग में 68 हजार 967 छात्र, कला विभाग में तीन लाख 80 हजार 410 छात्र, वाणिज्य विभाग में तीन लाख 19 हजार 439 छात्र और न्यूनतम कौशल आधारित पाठ्यक्रम 31 हजार 735 छात्र हैं। सूचना बोर्ड के अध्यक्ष शरद गोसावी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि इस साल टेक्निकल साइंस में 4 हजार 486 समेत कुल 15 लाख 5 हजार 37 छात्र परीक्षा में शामिल होंगे. इस अवसर पर बोलते हुए, शरद गोसावी ने कहा, पुणे, नागपुर, संभाजीनगर, मुंबई, कोल्हापुर, अमरावती, नासिक, लातूर और कोंकण के नौ डिवीजनल बोर्ड के तहत 12वीं की परीक्षा कल से शुरू हो रही है। इस साल 12वीं की परीक्षा 10 दिन पहले हो रही है. इस परीक्षा को जल्दी लेने से परिणाम जल्दी आएंगे, 12वीं और 10वीं के नतीजे 15 मई तक आने की संभावना है।



### राज्य में 271 भरारी दस्तों की नियुक्ति

*आगे बोलते हुए शरद गोसावी ने कहा, परीक्षा के दौरान संभावित कदाचार को रोकने के लिए बोर्ड के माध्यम से पूरे राज्य में 271 भरारी टीमें नियुक्त की गईं. पिछले पांच वर्षों के दौरान 818 केंद्रों में लगातार गड़बड़ी पाई गई है। इसलिए इन सभी को केंद्र संवेदनशील घोषित किया गया है। उस लिहाज से पुणे 125, नागपुर 104, छत्रपति संभाजीनगर 205, मुंबई 57, कोल्हापुर 39, अमरावती 124, नासिक 88, लातूर 73, कोंकण 3 कुल 818 केंद्र हैं। शरद गोसावी ने साफ किया है कि बोर्ड इन सब पर खास ध्यान देगा. इस बीच राज्य सरकार नकल मुक्त अभियान के लिए परीक्षा केंद्रों पर ड्रोन उड़ाएगी.*

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने त्रिवेणी संगम में लगाई पवित्र डुबकी

**प्रयागराज.**

देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सोमवार को प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ पहुंची और उन्होंने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाई। राष्ट्रपति का स्वागत राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की। इसके बाद राष्ट्रपति संगम क्षेत्र में पहुंचीं। राष्ट्रपति ने त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाकर सनातन आस्था को मजबूत आधार दिया। देश की प्रथम नागरिक का संगम में पावन डुबकी लगाने का यह ऐतिहासिक क्षण लोगों ने देखा। राष्ट्रपति आज आठ घंटे से अधिक समय तक संगम नगरी में रहेंगी। पवित्र स्नान करने के बाद, उन्होंने गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम, संगम में खड़े होकर प्रार्थना भी की। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी राष्ट्रपति मुर्मू के साथ संगम पहुंचे। राष्ट्रपति भवन की ओर से पहले जारी एक बयान में कहा गया था कि पवित्र स्नान के बाद राष्ट्रपति मुर्मू अक्षयवट और हनुमान मंदिर में दर्शन भी करेंगी। बयान में कहा गया, "वह डिजिटल कुंभ अनुभव केंद्र का भी दौरा करेंगी।" बता दें 13 जनवरी को शुरू हुआ भव्य महाकुंभ मेला दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन है, जो देश और दुनिया भर से भक्तों को आकर्षित करता है। महोत्सव का समापन 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर होगा।



## पंजाब में बड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़

**अमृतसर.**

पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने बड़े आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एके-47 बंदूक और दो पिस्तौल बरामद की गई हैं।

पुलिस ने बताया कि पकड़े गए आरोपी पैसे लेकर आतंकी गतिविधियों को अंजाम देते थे। पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद एक आरोपी ने भागने की कोशिश की और एएसआई पर गोली चलाने का प्रयास किया। पुलिसकर्मियों ने भी जवाबी कार्रवाई की। इस दौरान दो आतंकी घायल हुए हैं। अमृतसर के पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने कहा, "अमृतसर पुलिस कमिश्नरेट ने बड़ी सफलता हासिल की है। हमने एक आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया है और तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। हमने एक एके-47, कुछ राउंड की गोलियां, 0.3 बोर की एक पिस्तौल और कारतूस के साथ 0.32 बोर की एक पिस्तौल बरामद की है। आरोपी- लवप्रीत, करणदीप और बूटा सिंह अमृतसर ग्रामीण के निवासी हैं। वे पैसे के लिए आतंकी गिरोह में शामिल थे।" एक आरोपी ने एएसआई पर गोली चलाने की कोशिश की पुलिस अधिकारी ने कहा "हम उनके हथियार और गोला-बारूद की जांच कर रहे हैं और यह भी पता लगा रहे हैं कि वे उन तक कैसे पहुंचे। हम पैसे, हथियार सप्लाई और ड्रोन के पूरे नेटवर्क की भी गहराई से जांच कर रहे हैं। मैं अपनी टीम को ऑपरेशन को सफलतापूर्वक अंजाम देने के लिए बधाई देता हूं। जब आरोपियों को यहां लाया जा रहा था तब एक आरोपी ने हमारे एएसआई पर गोली चलाने की कोशिश की। हमारी टीम ने जवाबी कार्रवाई की, जिससे लवप्रीत और बूटा सिंह घायल हो गए।"



तीन आरोपी गिरफ्तार

## फ्रांस, अमेरिका के साथ और मजबूत होगी भारत की रणनीतिक साझेदारी



**नई दिल्ली.** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पेरिस यात्रा पर रवाना होने से पहले फ्रांस और अमेरिका के साथ भारत की रणनीतिक साझेदारी और अधिक मजबूत करने की इच्छा जताई है। फ्रांस रवाना होने से पहले पीएम मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा, "मैं राष्ट्रपति मैक्रों के निमंत्रण पर 10 से 12 फरवरी तक फ्रांस की यात्रा पर रहूंगा। मैं पेरिस में एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करने के लिए उत्सुक हूं, जो विश्व नेताओं और वैश्विक तकनीकी सीईओ की एक सभा है, जहां हम समावेशी, सुरक्षित और भरोसेमंद तरीके से नवाचार और व्यापक सार्वजनिक भलाई के लिए एआई प्रौद्योगिकी के सहयोगात्मक दृष्टिकोण पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। पीएम मोदी ने कहाकि मेरी यात्रा का द्विपक्षीय खंड मेरे मित्र राष्ट्रपति मैक्रों के साथ भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी के लिए 2047 का क्षितिज रोडमैप पर प्रगति की समीक्षा करने का अवसर प्रदान करेगा। हम फ्रांस में पहले भारतीय वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करने के लिए ऐतिहासिक फ्रांसीसी शहर मार्सिले की भी यात्रा करेंगे और वैश्विक भलाई के लिए ऊर्जा का उपयोग करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय थर्मोन्यूक्लियर प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का भी दौरा करेंगे, जिसमें भारत फ्रांस सहित भागीदार देशों के संघ का सदस्य है। विश्वयुद्ध में शहीद भारतीय सैनिकों को पीएम देंगे श्रद्धांजलि, पीएम मोदी ने कहाकि मैं अपनी इस यात्रा के दौरान फ्रांस के मजारगुएस युद्ध कब्रिस्तान में उन भारतीय सैनिकों को भी श्रद्धांजलि अर्पित करूंगा, जिन्होंने प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान अपने प्राणों की आहुति दी थी।

## प्रवेश वर्मा होंगे दिल्ली के अगले मुख्यमंत्री



**नई दिल्ली.** दिल्ली में बीजेपी के सीएम का नाम तय हो गया है. सूत्रों के मुताबिक, प्रवेश वर्मा दिल्ली की कमान संभालेंगे. उनके नाम पर बीजेपी और आरएसएस में सहमति बन गई है. नई दिल्ली सीट से आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को हराने वाले प्रवेश वर्मा सीएम पद के लिए सबसे प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं. आरएसएस के सूत्रों की मानें तो समहति बनने के बाद बीजेपी का नेतृत्व प्रवेश वर्मा के नाम पर ही मुहर लगाएगा. अरविंद केजरीवाल को हराने का ईनाम उन्हें दिया जाएगा. दिल्ली की सियासत में प्रवेश वर्मा का नाम 'जायंट किलर' के तौर पर उभरा है. उन्होंने यमुना के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और केजरीवाल को उनके इलाके में चौतरफा घेरा.

## जम्मू-कश्मीर के स्टेटहुड को लेकर चर्चा

**नई दिल्ली.** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और राज्य के कई अहम मुद्दों पर चर्चा की. सूत्रों के मुताबिक, मुलाकात सकारात्मक रही और इसमें जम्मू कश्मीर के स्टेटहुड को लेकर भी चर्चा की गई है. साथ ही सीएम ने घाटी की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था पर भी बात की. औद्योगिक नीति में बदलाव और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी नई नीतियों पर चर्चा की गई. साल 2019 अगस्त में राज्य के पुनर्गठन के बाद बने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के पहले मुख्यमंत्री के रूप में कार्यभार संभाल रहे हैं. विधानभा चुनाव में उमर ने जम्मू कश्मीर के स्टेटहुड के मुद्दे को लेकर वो जनता के सामने गए थे. अब्दुल्ला को जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द राज्य का दर्जा दिए जाने की उम्मीद है. वहीं, इस दौरान जम्मू-कश्मीर के बजट सत्र को लेकर भी चर्चा की. दरअसल, कश्मीर में 3 मार्च को विधानसभा में बजट पेश किया जाएगा. जम्मू और कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से अपनी मुलाकात को लेकर कहा, 'हमने राज्य की स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था, 3 मार्च से शुरू हो रहे बजट सत्र और शासन व्यवस्था पर चर्चा की.' वहीं, जब उनसे 'इंडिया' गठबंधन में एकता के बारे में सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, 'बैठक हो जाने दीजिए, उसके बाद मैं इस पर जवाब दूंगा.'



## संसद सत्र में शामिल होंगे सांसद इंजीनियर राशिद



**बारामुला.** लंबे समय से जेल में बंद जम्मू-कश्मीर की बारामुला सीट से सांसद इंजीनियर राशिद को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। दिल्ली हाई कोर्ट ने सांसद इंजीनियर राशिद को वर्तमान में जारी संसद के बजट सत्र में शामिल होने के लिए कस्टडी पैरोल दे दी है। कोर्ट ने राशिद को दो दिन की कस्टडी पैरोल दी है। हालांकि, कोर्ट ने राशिद को पैरोल देने के साथ ही कई शर्तें भी लगाई हैं। दिल्ली हाई कोर्ट ने सांसद इंजीनियर राशिद 11 और 13 फरवरी के लिए कस्टडी पैरोल दिया है। हाई कोर्ट ने कहा कि कस्टडी पैरोल के दौरान राशिद मोबाइल फोन और इंटरनेट का इस्तेमाल नहीं करेंगे। हाई कोर्ट ने ये भी कहा है कि राशिद संसद में उपस्थित होने की अपनी सीमित जिम्मेदारी को छोड़कर किसी भी व्यक्ति से बातचीत नहीं करेंगे। इसके साथ ही राशिद किसी भी तरह से मीडिया से बातचीत नहीं करेंगे।

## 'आप' के 20 से ज्यादा विधायक कांग्रेस के संपर्क में!



**पटियाला.** दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद अब पंजाब की सियासत गरमा गई है. पंजाब कांग्रेस नेताओं ने दावा किया है कि आम आदमी पार्टी के 20 से ज्यादा विधायक उनके संपर्क में हैं. जैसे ही यह दावा सामने आया आम आदमी पार्टी कांग्रेस पर हमलावर हो गई है और उनके नेताओं पर झूठ फैलाने का आरोप लगाया है. दूसरी ओर से चुनाव में करारी हार का सामना करने वाले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान समेत तमाम मंत्रियों और विधायकों के साथ एक बड़ी बैठक की. हालांकि, इस बैठक में क्या बात हुई पार्टी के नेता कुछ भी कहने से बच रहे हैं. दिल्ली के बाद पंजाब में आम आदमी पार्टी सबसे मजबूत स्थिति में है और इस वक्त सत्ता में है, लेकिन दिल्ली चुनाव में मिली हार के बाद पंजाब में पार्टी के राजनीतिक भविष्य को लेकर तमाम कयास लगाए जा रहे हैं.

## संपत्ति के लिए पोते ने की उद्योगपति की हत्या

### चाकू से 70 बार किया हमला, अमेरिका से पढ़कर लौटा था वापस

**हैदराबाद.**



तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आाय है। यहां 86 साल के एक उद्योगपति की उनके घर पर पोते ने ही चाकू मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि संपत्ति विवाद के चलते पोते ने उद्योगपति की हत्या की। पुलिस ने रविवार को घटना के बारे में जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना छह फरवरी की रात को हुई, जब आरोपी के. कीर्ति तेजा (28) ने अपने दादा वी. सी. जनार्दन राव पर चाकू से हमला किया, जिससे उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि राव पर चाकू से कई बार वार किए गए। वह वेलजन समूह के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक थे। संपत्ति देने से इनकार करने का आरोप, अधिकारियों ने प्रारंभिक जांच का हवाला देते हुए बताया कि बहस के दौरान ही तेजा ने चाकू निकाला और अपने दादा पर हमला कर दिया। तेजा ने आरोप लगाया कि बचपन से ही उसके प्रति दादा का व्यवहार ठीक नहीं था और वह संपत्ति बांटने से 'इनकार' कर रहे थे। जब पुलिस अधिकारियों से पूछा गया कि जनार्दन राव पर कथित तौर पर 70 से अधिक बार चाकू से वार किया गया, तो उन्होंने कहा कि चाकू के कई घाव थे और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर सटीक संख्या की पुष्टि की जाएगी।

### मां पर भी चाकू से किया हमला

पंजागुट्टा पुलिस ने बताया कि जब आरोपी की मां ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, तो उसने उन्हें भी चाकू मार दिया। इससे आरोपी की मां घायल हो गईं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर के दूसरे इलाके में रहने वाले तेजा और उसकी मां गुरुवार को सोमाजीगुडा में वी. सी. जनार्दन राव के घर गए थे। अधिकारियों ने बताया कि जब तेजा की मां कॉफी लाने गईं, तभी तेजा और राव के बीच संपत्ति के बंटवारे को लेकर बहस शुरू हो गई।

CMYK

# महिला सम्मान बचत योजना में 31 मार्च तक निवेश का अवसर

## > एक साल बाद निकाल सकते हैं आंशिक रकम

**नई दिल्ली.**

महिला सम्मान बचत योजना के तहत महिलाओं को गारंटीड ब्याज दर के साथ छोटी अवधि में पैसा जमा करने का मौका मिलता है। इसके लिए नजदीकी डाकघर में जाकर आवेदन किया जा सकता है। यह दो वर्षीय योजना है, जिसे 2023 के बजट में दो साल के लिए शुरू किया गया था। इस योजना पर सालाना 7.5 फीसदी का निश्चित ब्याज मिलता है जो अन्य बचत योजनाओं से अधिक है। इस योजना के तहत खाते में अधिकतम दो लाख रुपये तक ही जमा किया जा सकता है। इसकी जमा राशि पर आंशिक निकासी की सुविधा उपलब्ध है, जिससे जरूरत पड़ने पर पैसों का इस्तेमाल किया जा सकता है।योजना में महिला या बालिका के नाम पर खाता खोल सकते हैं। आवेदन के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड या पासपोर्ट की जरूरत होती है। पते के प्रमाण के लिए आधार कार्ड, बिजली बिल या राशन कार्ड और पासपोर्ट साइज फोटो लगेगा। बैंक खाता और नॉमिनी का ब्योरा जरूरी है। आवेदन के लिए नजदीकी डाकघर या बैंक शाखा पर जाना होगा। महिला सम्मान बचत खाता खुलवाने के लिए आवेदन फॉर्म प्राप्त करें। खाता खोलने के लिए न्यूनतम 1,000 रुपये और अधिकतम दो लाख रुपये तक की राशि जमा करनी होगी। जमा राशि चेक, ड्राफ्ट या नकद के माध्यम से दी जा सकती है। योजना के नियम के मुताबिक, खाता खोलने के एक साल बाद आंशिक निकासी कर सकते हैं। आप जमा राशि का 40 फीसदी तक निकाल सकते हैं।

इस समय बैंकों के एफडी पर जो ब्याज मिल रहा है, उसकी तुलना में यहां पर ज्यादा ब्याज मिल रहा है। हालांकि, कुछ छोटे बैंक जरूर इससे ज्यादा रिटर्न दे रहे हैं, पर बड़े बैंकों में इसके आस पास या इससे भी कम ब्याज मिल रहा है। महिलाओं के लिए दो साल पहले शुरू की गई योजना अच्छी है। ऊंची ब्याज दर के साथ महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूती के लिए इस योजना में निवेश पर विचार करना चाहिए।




### चक्रवृद्धि दर से होती है ब्याज की गणना

महिला सम्मान बचत योजना के तहत दो लाख रुपये जमा करने पर पहले वर्ष के अंत में ब्याज सहित कुल रकम 2,15,000 रुपये हो जाती है। दूसरे वर्ष के अंत में यह रकम चक्रवृद्धि ब्याज के साथ बढ़कर 2,31,125 रुपये हो जाएगी। यह गारंटीड रिटर्न बचत को बढ़ाने के साथ जोखिम मुक्त निवेश के साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान करता है।

# रिलायंस से आगे निकले एयरटेल और एचडीएफसी बैंक

**नई दिल्ली.**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में जहां एक तरफ देश के आम आदमी को इनकम टैक्स में बड़ी राहत देने का काम किया. वहीं तुरंत बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी मौद्रिक नीति में रेपो रेट में 0.25 प्रतिशत कटौती की सौगात दी है. इसके बाद से ही देश के शेयर बाजारों की बहार लौट आई है. कंपनियों के मार्केट कैपिटलाइजेशन (एमकैप) में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, लेकिन रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसी कंपनी एयरटेल और एचडीएफसी बैंक से पिछड़ती नजर आ रही है.

शुक्रवार को शेयर बाजार बंद होने के बाद देश की टॉप-10 कंपनियों के एमकैप में टोटल 1,18,151.75 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई है. इसमें एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल का मार्केट कैप सबसे ज्यादा बढ़ा है. देश की सबसे वैल्यूएबल कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज का मार्केट कैप इस हफ्ते टोटल 2,977.12 करोड़ रुपये बढ़कर 17,14,348.66 करोड़ रुपये पर पहुंच गया.

जबकि इसके उलट सबसे ज्यादा फायदे में एचडीएफसी बैंक रहा. कंपनी का मार्केट कैप इस दौरान 32,639.98 करोड़ रुपये बढ़कर 13,25,090.58 करोड़ रुपये पर पहुंच गया. जबकि भारती एयरटेल का एमकैप 31,003.44 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 9,56,205.34 करोड़ रुपये पर पहुंच गया.

इस हफ्ते बजाज फाइनेंस का एमकैप 29,032.08 करोड़ रुपये बढ़कर 5,24,312.82 करोड़ रुपये, इन्फोसिस का 21,114.32 करोड़ रुपये बढ़कर 7,90,074.08 करोड़ रुपये और आईसीआईसीआई बैंक का 1,384.81 करोड़ रुपये बढ़कर 8,87,632.56 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है.

वहीं आईटीसी का मार्केट कैपिटलाइजेशन 39,474.45 करोड़ रुपये घटकर 5,39,129.60 करोड़ रुपये रह गया है. इसके अलावा हिंदुस्तान यूनिलीवर का 33,704.89 करोड़ रुपये घटकर 5,55,361.14 करोड़ रुपये, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का 25,926.02 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 6,57,789.12 करोड़ रुपये और टीसीएस का एमकैप 16,064.31 करोड़ रुपये घटकर 14,57,854.09 करोड़ रुपये रह गया.

देश की टॉप-10 कंपनियों में एमकैप के हिसाब से रिलायंस नंबर-1 पर रही. इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, एसबीआई, आईटीसी और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा. बीते सप्ताह बीएसई सेंसेक्स 354.23 अंक या 0.45 प्रतिशत चढ़ गया, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 77.8 अंक या 0.33 प्रतिशत के लाभ में रहा.

# संसद में पेश हो सकता है नया इनकम टैक्स बिल

**नई दिल्ली.**



इनकम टैक्स बिल आज लोकसभा में पेश हो सकता है. बजट सेशन के दौरान केंद्र सरकार की ओर से देश के निचले सदन में नए इनकम टैक्स बिल के पेश किए जाने की संभावना है. वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने 1 फरवरी 2025 को बजट पेश करते समय इसके बारे में जानकारी दी थी. उन्होंने कहा था कि अगले हफ्ते सरकार नया इनकम टैक्स बिल लेकर आएगी.

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने न्यू इनकम टैक्स बिल पेश करने की बात पिछले बजट में भी की थी. नए इनकम टैक्स बिल के आने से आयकर अधिनियम- 1961 में बदलाव किए जा सकते हैं, जिसका असर टैक्सपेयर्स पर देखने को मिलेगा. बिल पेश होने के बाद इसकी समीक्षा एक संसदीय समिति करेगी, जिसकी सिफारिशों के आधार पर इनकम टैक्स कानून में जरूरी किए जाएंग. जब यह बिल संसद में पेश हो जाएगा, तब सरकार इसका नोटिफिकेशन जारी करेगी और यह कानून बन जाएगा. बजट 2025 में जिस तरीके से सरकार ने न्यू टैक्स रिजीम को प्रमोट करने के लिए 12 लाख रुपये तक की इनकम को टैक्स फ्री कर दिया और ओल्ड टैक्स रिजीम में सीधे तौर पर कोई बदलाव नहीं किया. उससे एक बात तो क्लियर हो गई कि सरकार का मकसद आगे न्यू टैक्स रिजीम को बढ़ाने का ही है. इसलिए ऐसा माना जा रहा है कि नए इनकम टैक्स बिल में भी सरकार का फोकस न्यू टैक्स रिजीम को प्रमोट करने का होगा और सरकार इनकम टैक्स के गैर जरूरी प्रावधानों को खत्म कर सकती है. सरकार का ध्यान कानून की भाषा को सरल करने पर भी होगा.

# 1.8 लाख करोड़ डॉलर पहुंच जाएगा देश का कुल व्यापार

## > उत्पादन में बढ़ रही ताकत

**नई दिल्ली.**

देश के कुल व्यापार के 2033 तक 6.4 फीसदी की सालाना चक्रवृद्धि वार्षिक दर (सीएजीआर) से बढ़कर 1.8 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस उछाल को बढ़ावा देने वाला एक प्रमुख कारक चीन से परे आपूर्ति शृंखलाओं में विविधता लाने की चाहत रखने वाली कंपनियों के लिए उत्पादन केंद्र के रूप में भारत की बढ़ती ताकत है।

घरेलू स्तर पर विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए सरकार के पर्याप्त प्रोत्साहन, कम लागत वाले विशाल कार्यबल एवं बुनियादी ढांचे में तेजी से सुधार भारत की स्थिति को और मजबूत कर रहे हैं।

परिणामस्वरूप, विदेशी निवेश और व्यापार सहयोग के लिए भारत दुनिया के लिए पसंदीदा गंतव्य बनता जा रहा है। भारत की व्यापार वृद्धि भौगोलिक दृष्टि के लिहाज से काफी विविध होगी। रिपोर्ट में इस बात पर जोर दिया गया है कि अमेरिका के साथ भारत का व्यापार अगले दशक में दोगुना से अधिक होने का अनुमान है और अगले आठ साल में यानी 2033 तक 116 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा।

आसियान और अफ्रीका के साथ भारत के व्यापार में करीब 80 फीसदी बढ़त की उम्मीद है। विशेष रूप से जापान और मर्कोसुर देशों के साथ भारत का व्यापार लगभग दोगुना होने का अनुमान है। इसके अलावा, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया के साथ व्यापार तीन गुना से अधिक होने का अनुमान है।



### पश्चिमी देशों के साथ मजबूत स्थिति

बीसीजी ने अपनी रिपोर्ट में कहा, पश्चिमी देशों के साथ भारत की व्यापार वृद्धि मजबूत बनी हुई है, जबकि चीन का व्यापार धीमा होने की आशंका है। इसके जवाब में चीन भारत, रूस, आसियान, अफ्रीका और मर्कोसुर देशों के साथ अपने आर्थिक संबंध मजबूत कर रहा है। हालांकि, विभिन्न उद्योगों में अतिरिक्त क्षमता से प्रेरित चीन के विशाल व्यापार सरप्लस को न केवल अमेरिका और यूरोपीय संघ से बल्कि भारत और अन्य व्यापार भागीदारों से भी विरोध का सामना करना पड़ सकता है।

# शेयर में कारोबारी हफ्ते के पहले दिन भारी गिरावट

**नई दिल्ली.**




भारतीय शेयर में कारोबारी हफ्ते के पहले दिन भारी गिरावट देखने को मिल रही है. सेंसेक्स और निफ़्टी दोनों गिरावट के साथ खुले जिससे बाजार खुलते ही निवेशकों को मोटा नुकसान हुआ. दरअसल, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऐलान के बाद बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है. ट्रंप ने इस हफ्ते कई देशों पर नए टैक्स लगाने की चेतावनी दी है, जिसका असर दुनियाभर के बिजनेस पर पड़ने की आशंका है जिस वजह से निवेशकों की चिंता बढ़ गई है.

विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में 45 पैसे टूटकर 87.95 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया. विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सभी इस्पात और एल्यूमीनियम आयातों पर 25 प्रतिशत का नया शुल्क लगाने की घोषणा के बाद डॉलर सूचकांक 108 पर पहुंच गया.

ट्रंप के फैसले से वैश्विक व्यापार युद्ध को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं, क्योंकि चीन के भी पारस्परिक शुल्क लागू हो गए हैं. अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.94 प्रति डॉलर पर खुला और शुरुआती कारोबार में डॉलर के मुकाबले 87.95 के सर्वकालिक निचले स्तर तक फिसल गया, जो पिछले बंद भाव से 45 पैसे की गिरावट दर्शाता है. रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 87.50 पर बंद हुआ था.

# एफआईआई के पास 800 अरब डॉलर के भारतीय शेयर




**नई दिल्ली.**

विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का भारत में लगभग 800 अरब डॉलर का निवेश अब भी बरकरार है। हालांकि, अगर उनकी बिकवाली जारी रहती है तो यह भारतीय बाजार के लिए जोखिम का कारण बन सकता है। यूरोपीय इक्विटी रिसर्च फर्म बीएनपी परिबास एक्साने ने अपनी एक रिपोर्ट में यह बात कही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मजबूत घरेलू निवेश के कारण एफआईआई प्रवाह पर भारत की निर्भरता कम हो गई है, लेकिन विदेशी निवेशक अब भी बाजार में एक महत्वपूर्ण हिस्सा रखते हैं। उनकी लगातार बिक्री से बाजार की स्थिरता प्रभावित हो सकती है। "हमारे विचार में मजबूत घरेलू प्रवाह के कारण एफआईआई प्रवाह पर भारत की निर्भरता कम हो गई है, एफआईआई का भारतीय इक्विटी में लगभग 800 बिलियन अमरीकी डॉलर का निवेश है और उनकी उनकी निरंतर बिक्री बाजार के लिए जोखिम बनी हुई है।

उनकी होल्डिंग अब भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की तुलना में कम है। यह दर्शाता है कि घरेलू निवेशक बाजार में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं, लेकिन एफआईआई प्रभावशाली बने हुए हैं। एफआईआई के लिए प्रमुख चिंताओं में एक अमेरिका में बढ़ती बॉन्ड यील्ड है। उच्च यील्ड अमेरिकी परिसंपत्तियों को अधिक आकर्षक बनाती है, जिससे भारत जैसे उभरते बाजारों की अपील कम हो जाती है। इसके बावजूद, भारत को पिछले 10 वर्षों में से सात में शुद्ध एफआईआई प्रवाह प्राप्त हुआ है, जो किसी भी अन्य उभरते बाजार की तुलना में अधिक है। हाल के महीनों में भारतीय इक्विटी को कई कारणों से दबाव का सामना करना पड़ा।

# आरबीआई ने घटाया रेपो रेट

**नई दिल्ली.**




अगर आप भी रिजर्व बैंक के रेपो रेट की कटौती के फैसले से खुश हो रहे हैं और सोच रहे हैं कि इस फैसले से आपकी लोन ईएमआई कम हो जाएगी तो ये खबर आपको झटका दे सकती है. दरअसल, रिजर्व बैंक के रेपो रेट में कटौती के बावजूद भी देश के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर के बैंक ने लोन महंगा कर दिया है, आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा ने रेपो रेट को 6.50 फीसदी से घटाकर 6.25 फीसदी कर दिया गया है. उम्मीद की जा रही थी कि इस ऐलान के बाद बैंक के लोन सस्ते हो जाएंगे. लेकिन देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक एचडीएफसी बैंक ने तो इस ऐलान के बाद चुपचाप लोन ही महंगा कर दिया. एचडीएफसी बैंक ने कुछ पीरियड पर मार्जिन कॉस्ट ऑफ लेंडिंग रेट्स में 5 बेसिस प्वाइंट्स की बढ़ोतरी की है. गौर देने वाली बात है कि ये एमसीएलआर रेट सिर्फ ओवरनाइट पीरियड पर बढ़ाया गया है. पहले 9.15 फीसदी बढ़ाकर 9.20 फीसदी कर दिया है. नई ब्याज दरें 7 फरवरी 2025 से लागू हो गई हैं.

### कैसे तय होता है एमसीएलआर

बैंक एमसीएलआर को तय करते समय कई फैक्टर्स को ध्यान में रखते हैं. जैसे कि डिपॉजिट रेट, रेपो रेट, ऑपरेशनल कॉस्ट और कैश रिजर्व रेशो इन सब को बनाए रखने की कॉस्ट एमसीएलआर में शामिल होती है. जब भी रेपो रेट में बदलाव होता है तो बैंकों के एमसीएलआर रेट पर भी असर पड़ता है. एमसीएलआर में बढ़ोतरी का असर होम लोन, ऑटो लोन, पर्सनल लोन समेतसभी तरह के लोन की ईएमआई पर दिखता है. ऐसे में अगर एमसीएलआर बढ़ता है तो पुराने ग्राहकों को लोन ईएमआई पर ज्यादा पैसे चुकाने पड़ते हैं, इसके अलावा नया लोन भी ग्राहकों को महंगे रेट पर मिलता है.

# धनखड़ ने गोपीचंद हिंदुजा द्वारा संकलित पुस्तक का किया विमोचन

**मुंबई.**



उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज मुंबई स्थित एन्क्लेव में एक भव्य समारोह में प्रसिद्ध व्यवसायी और हिंदुजा समूह के अध्यक्ष गोपीचंद पी. हिंदुजा द्वारा संकलित पुस्तक "आई एम?" का विमोचन किया। इस मौके पर राजनयिक समुदाय, राजनीतिक और व्यावसायिक वर्गों के नेता भी उपस्थित थे। समारोह के दौरान, उपराष्ट्रपति ने कहा, "यह एक अनूठा क्षण है। यह पुस्तक भारतीयता की सार्वभौमिक प्रासंगिकता को रेखांकित करती है, जो सभी धर्मों में विद्यमान सद्गुणों का प्रतीक है। हम धर्मांतरण के बिना दूसरों के सत्य का सम्मान कर सकते हैं। भारतीयता का आदर्श उदाहरण विविधता में एकता है। हिंदुजा ग्रुप ऑफ कंपनीज (इंडिया) के चेयरमैन अशोक पी. हिंदुजा ने उद्घाटन भाषण में कहा कि "हमारे परिवार का जीवन दर्शन सनातन परंपराओं को बनाए रखते हुए विभिन्न संस्कृतियों को अपनाने पर आधारित है। स्वामी चिदानंद सरस्वती ने पुस्तक के बारे में कहा कि यह समावेशिता और मानवता के बीच के संबंध को दर्शाती है और ऋग्वेद के संदेश 'वसुधैव कुटुम्बकम' की भावना को जीवित रखती है। इस कार्यक्रम में प्रमुख लोगों में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, विधिवेत्ता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. अभिषेक मनु सिंघवी, ब्रिटिश उच्चायुक्त लिंडी कैमरून, एचडीएफसी कैपिटल के एमडी एवं सीईओ विपुल रूंगटा, और जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के चेयरमैन नवीन जिंदल शामिल थे।

१- श्रद्धा सबुरी लॉटरी, साई मंदिर
२- जय भोले लॉटरी, झेरी लॉन
३- न्यू बॉम्बे लॉटरी, लक्ष्मी भवन चौक धरमपेठ
४-साई लॉटरी, पंचशील चौक
५- अनिल बंसोड़ लॉटरी, झासीरानी चौक बर्डी
६- नरेंद्र लॉटरी, शिवम् मॉल के पास सीताबर्डी
७- प्रवीण लॉटरी महाराष्ट्र बैंक मुंजे चौक सीताबर्डी
८-मयूरी लॉटरी, आकाशवाणी चौक
९-माँ आंबे लॉटरी, आगाराम देवी
१०- नितिन लॉटरी, रामबाग कॉलोनी, मेडिकल चौक
११-दिलीप लॉटरी, नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१२ श्री गणेश लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१३-शुभम लॉटरी नर्सिंग टॉकीज़, महाल
१४ श्री गजानन लॉटरी झेंडा चौक, महाल
१५-आशीष लॉटरी शाहिद चौक, इतवारी
१६- ख्वाजा लॉटरी कमाल टॉकीज़, कमाल चौक
१७- वैभव लॉटरी इंदौरा चौक लष्करी बाग
१८-चिकटे लॉटरी सक्करदरा चौक
१९- ओमसाई लॉटरी,महाकाळकर बिल्डिंग, छोटा ताजबाग
२०- गुरुदेव लॉटरी , गांधीचौक चंद्रपुर
२१-गजानन लॉटरी, अकोला
22- प्रेम लाँटरी सेंटर, कमाल चौक
23- नारायण लॉटरी, शहीद चौक, इतवारी
24- महावीर लॉटरी, बाजार चौक, कलमेश्वर

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
निकाल
महाराष्ट्र सह्याद्री
4:30
• धनलक्ष्मी विकली लॉटरी •
सोडत दर सोमवार • सोडत क्रमांक 06 • तिकिट कि. रु. 15/- • सोडत दिनांक 10/02/2025

पहिले सामायिक बक्षिस रु. 10000/- SL-01 : 1867 अंबिका एजन्सी - दादर, मुंबई
सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES • सर्व मालिकांसाठी
दुसरे बक्षिस रु. 5000/- 3016 अंबिका एजन्सी - दादर, मुंबई
तिसरे बक्षिस रु. 2000/- 1061 जे. पी. एस. लॉटरी सेंटर, डहाणू | 2759 किशोर लॉटरी सेंटर, सांगली | 3600

चौथे बक्षीस रु. 700/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1081 | 1798 | 2242 | 3890 | 5356 |
| 1135 | 1809 | 2261 | 3922 | 5447 |
| 1194 | 1845 | 2276 | 4097 | 5458 |
| 1225 | 1874 | 2509 | 4401 | 5505 |
| 1262 | 1903 | 2657 | 4424 | 5554 |
| 1371 | 2036 | 2787 | 4447 | 5571 |
| 1570 | 2132 | 3290 | 4891 | 5659 |
| 1617 | 2185 | 3713 | 4944 | 5853 |

महाराष्ट्र सह्याद्री मासिक सोडत
सोडत दिनांक 11-02-2025
22 लाख
2 लाख
12 लाख
महाराष्ट्र सह्याद्री धनलक्ष्मी
सोडत दिनांक 10/02/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

महाराष्ट्र राज्य लॉटरी
निकाल
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी सोम विकली लॉटरी
4:45
सोडत दर सोमवार • सोडत क्रमांक 06 • तिकिट कि. रु. 20/- • सोडत दिनांक 10/02/2025

| मालिका | GL-00 | GL-01 | GL-02 | GL-03 | GL-04 |
|---|---|---|---|---|---|
| पहिले बक्षिस रु. 10,000/- | 6506 किशोर लॉटरी सेंटर, सांगली | 8806 | 4099 | 7072 | 0820 |

सर्व मालिकांसाठी • FOLLOWING NO.'S ARE COMMON TO ALL SERIES
दुसरे बक्षिस रु. 5000/- 1490 | 3610
तिसरे बक्षिस रु. 2000/- 0071 | 1449 | 4926 | 7903 | 9220
चौथे बक्षिस रु. 1000/- 1596 | 1732 | 1994 | 4957 | 8051 | 8158 | 8726 | 9017 | 9201 | 9253
पाचवे बक्षिस रु. 500/- 0645 | 2954 | 3293 | 4436 | 4789 | 5076 | 5810 | 6743 | 7052 | 9427

सहावे बक्षीस रु. 300/- (सर्व मालिकांसाठी)

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सहावे बक्षिस रु. 300/- | 0822 | 1298 | 2204 | 3106 | 4044 | 4740 | 5888 | 6965 | 8157 | 9086 |
| | 0864 | 1351 | 2215 | 3146 | 4056 | 4802 | 5945 | 7170 | 8188 | 9197 |
| 0049 | 0883 | 1447 | 2233 | 3215 | 4087 | 4820 | 6067 | 7212 | 8288 | 9256 |
| 0056 | 0904 | 1455 | 2277 | 3223 | 4139 | 4845 | 6160 | 7277 | 8318 | 9370 |
| 0058 | 0964 | 1510 | 2301 | 3251 | 4214 | 4907 | 6231 | 7320 | 8330 | 9379 |
| 0071 | 0975 | 1519 | 2348 | 3263 | 4242 | 5054 | 6356 | 7387 | 8382 | 9393 |
| 0090 | 1092 | 1581 | 2411 | 3299 | 4294 | 5111 | 6400 | 7407 | 8404 | 9419 |
| 0091 | 1105 | 1599 | 2497 | 3361 | 4414 | 5170 | 6419 | 7470 | 8586 | 9447 |
| 0271 | 1111 | 1612 | 2526 | 3430 | 4416 | 5252 | 6526 | 7501 | 8618 | 9493 |
| 0358 | 1118 | 1682 | 2724 | 3431 | 4440 | 5330 | 6593 | 7560 | 8625 | 9701 |
| 0380 | 1145 | 1791 | 2743 | 3444 | 4454 | 5375 | 6600 | 7663 | 8677 | 9779 |
| 0500 | 1150 | 1831 | 2789 | 3489 | 4466 | 5445 | 6606 | 7750 | 8687 | 9782 |
| 0510 | 1159 | 1834 | 2826 | 3513 | 4471 | 5448 | 6615 | 7829 | 8723 | 9856 |
| 0592 | 1179 | 1910 | 2832 | 3574 | 4488 | 5515 | 6643 | 7887 | 8804 | 9857 |
| 0655 | 1181 | 1949 | 2867 | 3831 | 4594 | 5533 | 6645 | 7888 | 8893 | 9860 |
| 0662 | 1199 | 1982 | 2920 | 3905 | 4603 | 5555 | 6677 | 7913 | 8899 | 9929 |
| 0670 | 1222 | 2010 | 3007 | 3928 | 4608 | 5608 | 6865 | 7967 | 8908 | 9943 |
| 0700 | 1251 | 2017 | 3067 | 3931 | 4657 | 5707 | 6867 | 8038 | 8983 | 9949 |
| 0790 | 1266 | 2029 | 3069 | 4034 | 4707 | 5805 | 6938 | 8117 | 9011 | 9959 |

महाराष्ट्र गजराज मासिक सोडत
सोडत दिनांक 25/02/2025
पहिले सामायिक बक्षिस रु. ₹14 लाख
₹2.5 लाख
20/-
महाराष्ट्र गजलक्ष्मी सोम
सोडत दिनांक 10/02/2025
ऑनलाईन रिजल्ट मिळवा : : /princeagency : /princeagencypl : /princeagencymah

प्रविण कडू : 9822472123

# श्रद्धालुओं से भरी बस कंटेनर से टकराई



**सोलापुर.**

जिले के मोहोल तालुका में कंटेनर, बाइक और बस की टक्कर से भीषण हादसा हो गया। यह घटना सोलापुर-पुणे हाईवे पर कोलेवाड़ी के पास हुई। ट्रक ने पहले दोपहिया वाहन को टक्कर मारी और फिर सामने से आ रही एक मिनी बस से टकरा गई। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और 15 लोग घायल हुए। मिली जानकारी के मुताबिक, दोपहिया वाहन को टक्कर मारने के बाद ट्रक रॉंग साइड में चला गया और सामने से आ रहे मिनी बस से टकरा गया।

इस टक्कर के कारण मिनी बस पलट गई। हादसे में बाइक सवार दयानंद भोसले, मिनी बस ड्राइवर लक्ष्मण पवार और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। हादसे की शिकार मिनी बस श्रद्धालुओं को लेकर दर्शन के लिए पंढरपुर और तुलजापुर भवानी देवी ले जा रही थी।

इस हादसे में 15 लोग घायल हुए है। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। हादसे के बाद हाईवे पर यातायात प्रभावित हुआ और पलटी हुई मिनी बस को क्रेन की मदद से हटाया गया। कुछ देर तक हाईवे पर यातायात भी प्रभावित हुआ। पुलिस ने ट्रक के चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है और आगे की जांच जारी है।

# आप के 15 उम्मीदवारों ने मांगा था 'धनुष-बाण' चुनाव चिह्न

## शिंदे का दावा

**मुंबई.**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में इलेक्शन लड़ने के लिए आम आदमी पार्टी के 15 उम्मीदवारों ने उनसे उनकी पार्टी का चुनाव चिह्न मांगा था, लेकिन उन्होंने 'युति धर्म' के कारण मना कर दिया। महाराष्ट्र की महायुति गठबंधन सरकार में शामिल शिवसेना दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने वाली भारतीय जनता पार्टी की सहयोगी है।



एकनाथ शिंदे ने कहा,'आप के कुल 15 उम्मीदवारों ने मुझसे संपर्क किया था। मुझे लगा कि अगर धनुष और बाण चुनाव चिह्न उन्हें मिल गया तो वोट भाजपा और शिवसेना के बीच बंट जाएंगे, जिससे अन्य दलों को फायदा होगा। इसलिए मैंने मना कर दिया।' शिवसेना प्रमुख ने कहा कि उन्हें युति धर्म (गठबंधन के प्रति प्रतिबद्धता) का सम्मान करना था। डिप्टी सीएम शिंदे का रविवार को जन्मदिन था और वह 61 वर्ष के हो गए हैं। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने ठाणे शहर में एक कार्यक्रम में कहा, 'मैंने अपने सांसदों से दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने को कहा था।'

शिंदे ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों को दिया। उन्होंने कहा कि झूठ की हार हुई है। महाराष्ट्र के बाद अब दिल्ली के मतदाताओं ने भी भाजपा के नेतृत्व में अपना विश्वास जताया है। आम आदमी पार्टी पर निशाना साधते हुए शिंदे ने कहा कि दिल्ली के विकास में बाधाएं दूर हो गई हैं। मतदाताओं ने केजरीवाल के नेतृत्व वाली पार्टी को भी सबक सिखाया, जिसने संविधान के खतरे में होने का झूठा दावा किया था। उन्होंने कहा कि यह मोदी की गारंटी का जादू है। झूठ की हार हुई है और मतदाता सत्य के साथ खड़े हैं।

### बीजेपी उम्मीदवारों के लिए प्रचार

❒ शिवसेना प्रमुख ने कहा कि उन्हें युति धर्म (गठबंधन के प्रति प्रतिबद्धता) का सम्मान करना था. शिंदे का रविवार को जन्मदिन था और वह 61 साल के हो गए हैं. उन्होंने ठाणे शहर में एक कार्यक्रम में कहा कि मैंने अपने सांसदों से दिल्ली विधानसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने को कहा था.

# पुणे-नासिक राजमार्ग बनेगा हरा-भरा

## एनजीटी ने 39,500 पेड़ लगाने और पांच साल तक रखरखाव का आदेश दिया

**मुंबई.**

पुणे -नासिक राजमार्ग को चार लेन का बनाने के लिए काटे गए 5,486 पेड़ों के स्थान पर 39,500 देशी पेड़ लगाएं और मार्च 2025 तक यह रोपण कार्य पूरा करें। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने भारतीय राजमार्ग प्राधिकरण को भी आदेश दिया है कि वह संबंधित ठेकेदार से अगले पांच साल तक इन पेड़ों का रखरखाव कराए। इससे पुणे-नासिक राजमार्ग को और अधिक हरित बनाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है।



पुणे-नासिक राजमार्ग को चार लेन का बनाने का काम 2014 में शुरू हुआ था। उस समय उप-विभागीय अधिकारियों ने राजमार्ग निर्माण में बाधा डाल रहे 5,486 पेड़ों को काटने की अनुमति दी थी। हालाँकि, यह अनुमति देते समय यह शर्त रखी गई थी कि काटे जाने वाले पेड़ों की संख्या से दोगुने, तिगुने, पाँच गुना और दस गुना पेड़ लगाए जाएँ। हालाँकि, राजमार्ग का काम 2020 में पूरा हो गया था। उस समय नासिक, अहिल्यानगर और पुणे जिलों से गुजरने वाले इस राजमार्ग के चारों ओर पेड़ लगाने की शर्त का उल्लंघन किया गया था। यह भी पाया गया कि सबवे, फ्लाईओवर और वर्षा जल संचयन उपायों के विकास की उपेक्षा की गई, यहां तक कि वन्यजीवों की सुरक्षा पर भी विचार नहीं किया गया।

# हत्या कर शव बाइक पर ले गए



**मुंबई.**

मालवणी पुलिस ने एक पत्नी सहित दो लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, जिन्होंने अपने पति की धारदार हथियार से हत्या कर दी थी। आरोपी महिला ने अपने घर में ही धारदार हथियार से अपने पति की हत्या कर दी और एक परिचित की मदद से शव को दोपहिया वाहन पर ले जाकर फेंक दिया। लेकिन सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस ने तीन घंटे के अंदर दो लोगों को गिरफ्तार कर हत्या की गुत्थी सुलझा ली। आरोपी महिला ने दावा किया है कि उसने अपने पति की शराब की लत के कारण उसकी हत्या की। लेकिन पुलिस सभी कोणों से मामले की जांच कर रही है। शव रविवार को मालवणी के गावदेवी मंदिर क्षेत्र के सोहम कंपाउंड में मिला। शव को देखने के बाद स्थानीय लोगों ने मुंबई पुलिस नियंत्रण कक्ष को फोन कर सूचना दी। जब पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया तो पाया कि मृतक की गर्दन पर किसी धारदार हथियार से वार किया गया था। इसलिए, उपायुक्त (जोन 11) आनंद भोइते ने मालवणी पुलिस को तुरंत मामले की जांच करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत इलाके के लोगों से और सीसीटीवी के जरिए जानकारी जुटानी शुरू कर दी। उस समय देखा गया था कि शव को सुबह दोपहिया वाहन पर लादकर वहां लाया गया था।

एक महिला और एक पुरुष बाइक पर बैठे थे। जब पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पता लगाया कि वे कहां से आए हैं, तो पता चला कि वे गावदेवी मंदिर क्षेत्र से आए थे। आखिरकार जब पुलिस ने मामले की आगे जांच की तो पता चला कि मृतक की पहचान राजेश चव्हाण के रूप में हुई थी। राजेश चव्हाण (30) मालवणी के गावदेवी मंदिर क्षेत्र के अली तलाव गेट नंबर 6 में रहते थे।

# पाटिल और एम.के. स्टालिन की चीनी उद्योग पर अहम चर्चा



**इंदापुर.** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन और पूर्व मंत्री हर्षवर्धन पाटिल, राष्ट्रीय सहकारी चीनी मिल संघ, नई दिल्ली के अध्यक्ष के बीच रविवार को मुलाकात हुई। इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने तमिलनाडु में चीनी उद्योग के विकास पर चर्चा की। इससे पहले हर्षवर्धन पाटिल ने तमिलनाडु के सहकारिता मंत्री के साथ बैठक की थी। मुख्यमंत्री एम. ने चर्चा की कि राज्य सरकार तमिलनाडु राज्य में चीनी उद्योग के विकास के संबंध में केंद्रीय सहकारिता विभाग को एक पत्र लिखेगी, और उन्हें, राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना संघ के अध्यक्ष के रूप में, राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना संघ के माध्यम से तमिलनाडु राज्य द्वारा देय औसत चीनी निष्कर्षण और एफआरपी के संबंध में अनुवर्ती कार्रवाई करनी चाहिए और आगे का रास्ता खोजना चाहिए। क. यह घटना स्टालिन और हर्षवर्धन पाटिल के बीच बैठक के दौरान घटित हुई। भारत सरकार के राष्ट्रीय सहकारिता मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव पंकज कुमार बंसल और भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) के अतिरिक्त कार्यकारी निदेशक द्वारा चेन्नई के गिंडी में आयोजित एक बैठक में तमिलनाडु के राज्य सहकारिता मंत्री के. आर। पेरियागरुप्पन भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री एम. क. स्टालिन की बैठक से पहले राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हर्षवर्धन पाटिल ने तमिलनाडु के सहकारिता मंत्री के. आर। वहां के चीनी उद्योग के विकास और चुनौतियों के संबंध में पेरियागरुप्पन के साथ बैठक हुई। वर्तमान में तमिलनाडु में 18 सहकारी चीनी मिलें हैं। इस बैठक में तमिलनाडु राज्य में चीनी उद्योग के विकास, इथेनॉल परियोजनाओं की स्थापना और इसके लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) द्वारा ऋण के प्रावधान जैसे विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।

# 8,000 से अधिक अवैध बैनरों के खिलाफ कार्रवाई

## 125 पर मामला दर्ज

**ठाणे.**

पिछले कुछ वर्षों से ठाणे महानगरपालिका क्षेत्र में सभी मुख्य मार्गों, आंतरिक मार्गों, चौराहों, बस स्टॉप आदि पर अवैध बैनर लगाकर शहर को बदनाम करने की तस्वीर सामने आई है। पिछले 11 महीनों में महानगरपालिका ने ऐसे 8,000 से अधिक बैनर हटाने की कार्रवाई की है। इस अभियान में अवैध बैनर प्रदर्शन के लिए 125 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं और 1 लाख रुपये से अधिक का जुर्माना वसूला गया है। कुछ वर्ष पहले ठाणे नगर निगम क्षेत्र में एक सौंदर्यीकरण परियोजना क्रियान्वित की गई थी। इसमें शहर की सड़कों के किनारे दीवारों पर पेंटिंग



करना भी शामिल है। शहर के चौराहों का भी सौंदर्यीकरण किया गया है। झील क्षेत्र का भी सौन्दर्यीकरण किया जा रहा है।

हालांकि इससे शहर के सौंदर्यीकरण में वृद्धि होती दिख रही है, लेकिन अवैध बैनरों के कारण इसकी छवि भी खराब हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में नेताओं की नियुक्ति और उनके जन्मदिन के अवसर पर अवैध बैनर प्रदर्शन में वृद्धि हुई है। कुछ लोग नगरपालिका द्वारा अनुमति प्राप्त होर्डिंग्स पर आधिकारिक रूप से बैनर लगा रहे हैं। इस बीच, कुछ लोग नगर पालिका की अनुमति के बिना अवैध रूप से राजमार्गों, सड़क के किनारे, आंतरिक सड़कों और चौराहों पर बैनर लगा रहे हैं। यह अवैध बैनर प्रदर्शन शहर की छवि खराब कर रहा है और नगर पालिका ऐसे बैनरों को हटाने के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। इसमें अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक 11 महीने की अवधि के दौरान ठाणे मनपा क्षेत्र में 8,174 अवैध होर्डिंग, पोस्टर और होर्डिंग्स हटाने की कार्रवाई मनपा ने की है। अवैध रूप से बैनर लगाने पर 125 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर 1 लाख 1 हजार 50 रुपए का जुर्माना वसूला गया है। ठाणे नगर निगम के उपायुक्त (अतिक्रमण) शंकर पटोले ने इस खबर की पुष्टि की है.

# तोरणा गढ़ पर पर्यटक की मौत

**पुणे.** तोरणा किले पर पर्वतारोहण के लिए गए एक पर्यटक की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई।
यह घटना शनिवार, 8 फरवरी को घटी। पर्यटक का नाम रंजीत मोहनदास शिंदे है। यह पर्यटक मूल रूप से सतारा जिले के सोनगांव का निवासी था। वह वर्तमान में वारजे, पुणे में रह रहे थे। दो लोग, फजीलत खान और रंजीत शिंदे, तोरणा किले पर गए थे। इस मामले में फजीलत खान ने थाने में मामला दर्ज कराया है। पुलिस स्टेशन के पुलिस अधिकारी ज्ञानेश्वर धीवर आगे की जांच कर रहे हैं। पुलिस के अनुसार, रंजीत को तोरणा किले पर चढ़ते हुए कुछ समय हो गया था। उसी समय उन्हें सीने में दर्द होने लगा। इसके बाद वह अचेत हो गया। फजीलत खान और रंजीत दोनों एक साथ ट्रेक पर गए थे। हालांकि, रंजीत को सीने में दर्द होने लगा और वह बेहोश हो गए। जिसके बाद फजीलत खान ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने 112 हेल्पलाइन पर संपर्क किया। रंजीत और फजीलत दोनों 8 फरवरी की रात करीब 11 बजे तोरणा फोर्ट जाने लगे थे। जब वे कुछ दूरी पर पहुंचे तो रंजीत को चक्कर आने लगा और वह बेहोश हो गया। बेहोश होने के बाद फजीलत ने पुलिस से संपर्क किया और एम्बुलेंस को बुलाया। अब जानकारी सामने आई है कि इसके बाद रणजीत को किले के निचले हिस्से में ले जाया गया।

# जगदंबा देवी को पहनाया दो किलो का सोने का मुकुट



**मुंबई.**

हिल्यानगर जिले के कर्जत तालुका में तेरह सौ साल पुराने श्री जगदम्बा देवी मंदिर में दो किलोग्राम का सोने का मुकुट स्थापित किया गया। देश के दक्षिणी राज्यों में प्राचीन देवी मंदिर के रूप में विख्यात, कर्जत तालुका के राशिन स्थित श्री जगदम्बा देवी मंदिर में शतचंडी उत्सव चल रहा है। इस अवसर पर मंदिर में देवी को स्वर्ण कलश व दो किलो सोने का मुखौटा भेंट किया गया। जगदंबा देवी सेवा संस्था द्वारा प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर रूस के शहरों में इस स्वर्ण मुखौटे की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस मुखौटे की पूजा हजारों नागरिकों की उपस्थिति में सेवा संगठन के अध्यक्ष विजयराव देशमुख द्वारा विधिवत की गई। इसके अलावा मंदिर में शतचिंतादि यज्ञ समारोह और सहस्त्र प्रकृति सप्तशती पाठ समारोह का भी आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में राज्य भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

इस अवसर पर जगदम्बा सेवा संस्था के अध्यक्ष विजयराव देशमुख ने कहा कि शीन स्थित जगदम्बा देवी का मंदिर राज्य का एक प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है। इस मंदिर का इतिहास बहुत पुराना है। यह मंदिर देश और राज्य के सबसे पुराने और सबसे खूबसूरत मंदिरों में से एक है। सेवा संगठन की स्थापना स्वर्गीय बापूसाहेब देशमुख की पहल पर की गई थी। और यही कारण है कि आज इस मंदिर में देवी के स्वर्ण कलश और दो किलोग्राम के स्वर्ण मुकुट की प्राण प्रतिष्ठा समारोह संपन्न हुआ। इसके अलावा इस अवसर पर शतचंडी यज्ञ समारोह और सप्तशती पाठ सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन सभी कार्यक्रमों को देखने के लिए लाखों श्रद्धालु आये हैं।

# 16 बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**मुंबई.** मुंबई पुलिस द्वारा शनिवार को नवी मुंबई, मानखुर्द, मुंब्रा और दारुखाना में चलाए गए अभियान में 16 बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में 9 महिलाएं और सात पुरुष शामिल हैं। पुलिस उपायुक्त (जोन 1) डॉ. प्रवीण मुंधे ने डोंगरी पुलिस स्टेशन में दर्ज अपराध की जांच के लिए 14 पुलिस टीमें गठित की थीं। उन्होंने यह कार्रवाई की। डोंगरी पुलिस स्टेशन में दो बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। इस मामले की जांच के दौरान पता चला कि मुंबई, नवी मुंबई और ठाणे इलाकों में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए रह रहे हैं। इसकी जांच के लिए 14 पुलिस टीमें गठित की गईं। उन्होंने मानखुर्द, वाशिनाका, कलंबोली, पनवेल, कोपर खैराने, कल्याण, मुंब्रा, दारुखाना से 16 बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया। इसमें नौ महिलाएं और सात पुरुष शामिल हैं। इसके अलावा इस मामले में पहले भी दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया जा चुका है। उन्हें उस समय नोटिस दिया गया था।

# कृषि विस्तार अधिकारी रिश्वत लेते पकड़ा गया

**नासिक.** धुले के शिरपुर पंचायत समिति के कृषि विस्तार अधिकारी को भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के अधिकारियों ने 5,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा। बिरसा मुंडा कृषि क्रांति योजना के तहत वन भूमि पर कुआं खोदने के लिए सरकारी अनुदान की मंजूरी दिलाते समय कृषि विस्तार अधिकारी योगेश पाटिल ने मौजे बुदकी विहिर (शिरपुर तालुका) निवासी से आवश्यक दस्तावेज पूरे करने के लिए 5,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। बुडकी विहिर (ताल. शिरपुर, जिला. धुले) गांव के सांगवी (ताल. शिरपुर, जिला. धुले) के वन क्षेत्र में शिकायतकर्ता की मां के नाम पर वन भूमि है। संबंधित व्यक्ति ने बिरसा मुंडा कृषि क्रांति योजना के तहत 2023-2024 में इस जमीन पर कुआं खोदने के लिए 4 लाख रुपये का सरकारी अनुदान स्वीकृत कराने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ 20 अप्रैल 2022 को ऑनलाइन आवेदन किया था। तदनुसार, उन्हें इस योजना के तहत कुआं खोदने के लिए चार लाख रुपये का सरकारी अनुदान स्वीकृत किया गया। आगे की कागजी कार्रवाई पूरी करने के लिए कृषि विस्तार अधिकारी पाटिल ने स्वीकृत सिंचाई कुएं के स्थल का निरीक्षण किया और शिकायतकर्ता और उसकी मां की तस्वीरें लीं। हालांकि, संबंधित व्यक्ति से कहा गया कि उसे बाद में पांच हजार रुपये देने होंगे। इससे परेशान होकर 7 फरवरी को संबंधित व्यक्ति धुले स्थित भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय पहुंचा। भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की नासिक रेंज की अधीक्षक शर्मिष्ठा घर्गे-वालावलकर के मार्गदर्शन में धुले में भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के उप अधीक्षक सचिन सालुंखे, निरीक्षक पंकज शिंदे, निरीक्षक रूपाली खांडवी, राजन कदम, मुकेश अहिरे, प्रवीण मोरे, संतोष पवारा, रामदास बरेला, मकरंद पाटिल, प्रवीण पाटिल, प्रशांत बागुल, सुधीर मोरे और जगदीश बडगुजर सहित टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया।

## आज का राशिफल

मेष: आज कार्यक्षेत्र में कुछ नए अवसर मिल सकते हैं। मेहनत के साथ, आपको परिणाम भी अच्छे मिलेंगे। परिवार में सामंजस्य रहेगा। सेहत में सुधार होगा।

वृष: रिश्तों में सामंजस्य बनाए रखें, छोटी-मोटी बहस से बचें। कामकाजी जीवन में तनाव हो सकता है, लेकिन आपके प्रयास सफल होंगे। यात्रा का योग है।

मिथुन: दिन उत्साह और नई योजनाओं से भरा रहेगा। विचारों में स्पष्टता होगी, लेकिन किसी का विरोध आपको परेशान कर सकता है। सेहत का ध्यान रखें।

कर्क: आज पारिवारिक मामलों में थोड़ा ध्यान देना होगा। कार्यस्थल पर सफलता मिल सकती है, लेकिन कुछ समय खुद के लिए भी निकालें। मानसिक शांति मिलेगी।

सिंह: आज दिन की शुरुआत सकारात्मक होगी, लेकिन कुछ चैलेंज सामने आ सकते हैं। सामाजिक कामों में व्यस्त रहेंगे।

कन्या: अपने काम पर फोकस करें, सफलता मिलने के आसार हैं। किसी से मिलकर आपके विचार बदल सकते हैं।

तुला: आर्थिक मामलों में सुधार होगा, लेकिन खर्च पर नियंत्रण रखना जरूरी है।

वृश्चिक: आज किसी मुद्दे को लेकर थोड़ी घबराहट हो सकती है, लेकिन धीरे-धीरे सब ठीक हो जाएगा। परिवार और दोस्तों के साथ अच्छा समय बिताएं।

धनु: नए कार्यों की शुरुआत करने के लिए अच्छा समय है। यात्रा से लाभ मिलेगा, लेकिन कामकाजी जीवन में थोड़ी रुकावट आ सकती है।

मकर: दिन शांति और संतुलन से भरा रहेगा। किसी पुराने मामले को हल करने का अवसर मिलेगा।

कुंभ: आज आप अपनी प्रतिभा और मेहनत से प्रभाव डालेंगे। रचनात्मक कार्यों में सफलता मिलेगी। परिवार में समर्थन मिलेगा।

मीन: आज आत्मविश्वास से भरे रहेंगे, लेकिन थोड़ी सतर्कता की जरूरत होगी। पुराने मामलों को हल करने का अच्छा समय है। सामाजिक जीवन में कुछ नया बदलाव आएगा।

# कम हो गई लाड़की बहिन के लाभार्थियों की संख्या

## मंत्री बोले- पैसे नहीं लेंगे वापस

**मुंबई.**

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी लाड़की बहिन योजना के लाभार्थियों की संख्या में अचानक पांच लाख की गिरावट आई है. दिसंबर 2024 में इस योजना के तहत 2.46 करोड़ महिलाओं को आर्थिक सहायता दी जा रही थी, लेकिन अब यह संख्या घटकर 2.41 करोड़ रह गई है. महिला एवं बाल विकास विभाग के अनुसार, इन महिलाओं को कई कारणों से अपात्र पाया गया है. हालांकि, सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि पहले से दी गई राशि वापस नहीं ली जाएगी. महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने इस मामले पर बयान देते हुए कहा कि पिछले साल जुलाई से दिसंबर के बीच इन अपात्र महिलाओं



के खातों में कुल 450 करोड़ रुपये जमा किए गए थे. हालांकि, राज्य सरकार इस राशि को वापस लेने के पक्ष में नहीं है.

उन्होंने स्पष्ट किया कि जो महिलाएं अब योजना के योग्य नहीं हैं, वे भविष्य में इसका लाभ नहीं उठा सकेंगी, लेकिन उनके खाते में पहले जो धनराशि आई है, उसे लौटाने के लिए मजबूर नहीं किया जाएगा. मंत्री अदिति तटकरे ने साफ किया कि सरकार महिलाओं के हितों को प्राथमिकता देती है और किसी भी लाभार्थी से दी गई राशि वापस लेने का कोई इरादा नहीं रखती. हालांकि, भविष्य में पात्रता की जांच और अधिक सख्ती से की जाएगी ताकि योजना का लाभ केवल सही लोगों को मिल सके. सरकार का मानना है कि यह योजना महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और इसे प्रभावी तरीके से आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक बदलाव किए जाते रहेंगे.

### किन कारणों से महिलाएं हुईं अपात्र?

❒ अधिकारियों के अनुसार, जिन पांच लाख महिलाओं को अपात्र माना गया है, उनमें से 1.5 लाख महिलाएं 65 साल से अधिक उम्र की थीं, जबकि 1.6 लाख महिलाओं के पास चार पहिया वाहन था या वे अन्य सरकारी योजनाओं जैसे नमो शेतकरी योजना की लाभार्थी थीं. इसके अलावा, करीब 2.3 लाख महिलाएं पहले से ही संजय गांधी निराधार योजना के तहत वित्तीय सहायता प्राप्त कर रही थीं, जिससे वे लाड़की बहिन योजना के लिए अयोग्य हो गईं.

# मुंबई एयरपोर्ट पर आठ करोड़ का गांजा जब्त



**मुंबई.**

सीमा शुल्क विभाग ने मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज हवाई अड्डे पर एक अभियान चलाकर बैंकॉक से आए दो यात्रियों से साढ़े आठ किलोग्राम मारिजुआना जब्त किया है। जब्त गांजे की कीमत साढ़े आठ करोड़ रुपये है। दोनों आरोपियों के खिलाफ कस्टम एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।पुलिस को सूचना मिली थी कि बैंकॉक से आ रहे संदिग्ध यात्री वहां से गांजा लेकर आ रहे हैं। इसके आधार पर शनिवार को बैंकॉक से आए यात्री सागर वधिया और निगम रावल को रोक लिया गया। उनकी तलाशी के दौरान संदिग्ध दवाएं पाई गईं।

फिर उनके सामान की जांच की गई। उस समय बैग में संदिग्ध दवाएं पाई गईं। जांच करने पर पता चला कि यह मारिजुआना है। दोनों के पास से कुल आठ किलो 155 ग्राम गांजा, सागर के पास से चार किलो 69 ग्राम तथा रावल के पास से चार किलो 89 ग्राम गांजा जब्त किया गया। कस्टम अधिकारी ने बताया कि इसकी कीमत साढ़े आठ करोड़ रुपये है। आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। बताया गया है कि आरोपी पहले भी इस तरह से गांजा तस्करी कर चुके हैं। दोनों पहले भी दो बार इस तरीके से मारिजुआना की तस्करी कर चुके हैं और सीमा शुल्क विभाग को इस मामले के पीछे अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह का हाथ होने का संदेह है। इस बीच, इस मामले में मादक पदार्थ नियंत्रण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। सीमा शुल्क विभाग को इस मामले में शामिल कुछ संदिग्धों के बारे में जानकारी मिली है और उनके जरिए सीमा शुल्क अधिकारी आगे की जांच कर रहे हैं।

## सुविचार

ईश्वर से हमेशा यही प्रार्थना करनी चाहिए कि हमें लेने के नहीं, देने के योग्य बनाएं...

## संपादकीय

# `आप` का क्या होगा

दिल्ली विधानसभा चुनावों के नतीजों ने जहां बीजेपी के लिए खुशियों का कमल खिला दिया है, वहीं शून्य का हैट्रिक लगाने वाली कांग्रेस को भी आप की हार सुनिश्चित करने का संतोष मिला है। लेकिन जो बात इन चुनाव नतीजों को ऐतिहासिक बनाती है, वह है आंदोलन से निकली पार्टी आप का हश्र। उसकी इस हार के विपक्षी ब्लॉक I.N.D.I.A. पर पड़ने वाले गंभीर असर से भी इनकार नहीं किया जा सकता। सबसे मुश्किल दौरः वैसे, लोकतंत्र में किसी पार्टी के लिए चुनाव हारकर सत्ता से बाहर होना कोई अनोखी बात नहीं है। फिर यह भी है कि लगातार दो चुनावों में विपक्ष का लगभग सफाया कर देने वाली आम आदमी पार्टी भले ही सत्ता से बाहर हो गई हो, लेकिन 43.57% वोट उसे इस बार भी मिले हैं। 22 विधायक भी निर्वाचित हुए हैं उसके। यानी मजबूत विपक्ष की भूमिका में वह अब भी बनी रहेगी। फिर भी इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि इन नतीजों के बाद पार्टी अब तक के अपने सबसे मुश्किल दौर में आ गई है। आंदोलन से निकली इस पार्टी की ताकत यह थी कि इसने वैकल्पिक राजनीति के सपनों को पंख दिए थे। इसके सबसे बड़े नेता अरविंद केजरीवाल ईमानदारी और सादगी के पोस्टर बॉय बनकर उभरे थे। लेकिन हाल के दिनों में न केवल केजरीवाल की उस साख पर चोट लगी बल्कि वैकल्पिक राजनीति का पार्टी का दावा भी कमजोर पड़ा। पार्टी के केंद्र में हमेशा से केजरीवाल ही रहे। पूरी पार्टी को एकजुट रखने वाले सबसे मजबूत फैक्टर भी वही थे। अब न केवल दिल्ली की सत्ता उनके हाथ से चली गई है बल्कि वह खुद अपना चुनाव भी हार गए। उन पर कई मुकदमे भी चल रहे हैं। ऐसे में पार्टी के बिखराव का खतरा मंडरा रहा है। देखना होगा कि पार्टी इस खतरे से कैसे निपटती है।

# 2020 की गलतियां जिनसे तौबा कर बीजेपी ने जीती दिल्ली



संयम श्रीवास्तव



दिल्ली विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को मिली भारी सफलता के पीछे बहुत से कारण रहे हैं. इसमें सबसे बड़ा कारण दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल के प्रति गुस्सा तो था ही पर बीजेपी की रणनीति को भी कम करके नहीं आंका जा सकता. भारतीय जनता पार्टी ने 2020 विधानसभा चुनाव में जो रणनीतिक गलतियां की थीं उससे छुटकारा पाना भी एक बहुत बड़ा फैसला था. पार्टी के लिए यह बहुत फायदेमंद रहा. उम्मीद की जा रही है कि बीजेपी इस साल बिहार चुनावों में और अगले साल होने वाले पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों में भी आजमाएगी.आइये देखते हैं कि वो कौन सी गलतियां थीं जिससे बीजेपी को 2020 के विधानसभा चुनावों में बहुत नुकसान हुआ था और 2024 के चुनावों में उसका बहुत फायदा मिला.

2020 के चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को बहुत बुरी हार मिली थी. हालांकि 2015 के चुनावों से बेहतर पोजिशन में थी बीजेपी पर आंकड़ों के मायने से बहुत खराब हालत थी। 2015 में बीजेपी के पास दिल्ली में केवल 3 सीट थी. जबकि 2020 में आठ सीटों पर बीजेपी को कामयाबी मिली थी. पर भारतीय जनता पार्टी ने जिस तरह आम आदमी पार्टी को हर सीट पर टक्कर दी थी उसके मुकाबले उसकी बहुत बुरी हार थी. 2020 में विधानसभा चुनावों में बीजेपी का हर नेता खुलकर ऐसी बयानबाजी रहा था जिससे ऐसा लग रहा था कि पार्टी हिंदुओं को अपने पक्ष में पोलराइज करने की कोशिश कर रही हो.

इसी दौरान बीजेपी नेता और इस बार सीएम पद के प्रबल दावेदार प्रवेश वर्मा ने शाहीन बाग में चल रहे एंटी सीएए प्रोटेस्ट को एक घंटे में खत्म करने की बात कही थी. इसके अलावा उन्होंने एक खास समुदाय के लिए बयान दिया था कि ये घर में घुसकर बेटियों के साथ रेप करेंगे...इस तरह की बातें इस बार यानि 2025 के विधानसभा चुनावों में न प्रवेश वर्मा कह रहे थे और न ही कपिल मिश्रा. इसके बावजूद दोनों नेताओं ने अच्छी विजय भी दर्ज किया है.

दरअसल पार्टी की रणनीत यह रही होगी कि इस तरह के बयानबाजी से मुस्लिम समुदाय के वोट एक पार्टी के पोलराइज्ड हो जाएंगे. बीजेपी ने जैसा अनुमान लगाया वैसा ही हुआ भी. असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी और कांग्रेस पार्टी को जिस तरह मुस्लिम समुदाय के वोट मिले हैं वो इसका सबसे बेहतर उदाहरण है. जाहिर है कि अगर बीजेपी ने हिंदुओं को पोलराइज्ड करने का काम किया होता तो शायद मुस्लिम समुदाय के वोटों में बंटवारा नहीं होता. मुस्लिम समुदाय एकजुट होकर आम आदमी पार्टी को ही वोट करता. दिल्ली में हुए फायदे को देखते हुए बीजेपी अपने इस फॉर्मूले को भविष्य में बिहार और बंगाल में भी अपना सकती है.

2020 के चुनावों में बीजेपी अपना एजेंडा सेट करती उस पर केजरीवाल सफाई देते रहते. शाहीन बाग को दिल्ली बीजेपी ने मुद्दा बना दिया था. अरविंद केजरीवाल उस पर डिफेंसिव थे. इस बार शीशमहल को छोड़कर बीजेपी ने और कोई ऐसा मुद्दा नहीं बनाया . 2025 के चुनावों में अरविंद केजरीवाल खुद एजेंडा सेट करते बीजेपी उसका जवाब देती या उससे बड़ा अपना नरेटिव खड़ा कर देती. यमुना में जहरीला पानी मिलाने का आरोप हो या मध्यम वर्ग के घोषणा पत्र जारी करने की बात हो. दोनों ही विषयों को मुद्दा बनाने का काम आम आदमी पार्टी ने किया.

हरियाणा के सीएम नायब सैनी ने दिल्ली बॉर्डर पर यमुना का पानी पीकर और केंद्र सरकार ने इनकम टैक्स स्लैब बढ़ाकर महफिल लूटने का काम कर दिया. इसी तरह फ्रीबीज को लेकर अरविंद केजरीवाल यह नरेटिव सेट करते रहे कि हर परिवार को ढाई हजार का फायदा कौन सी सरकार दे पाएगी. बीजेपी ने आम आदमी पार्टी से भी अधिक रेवड़ियों की घोषणा करके पब्लिक के एक खास वर्ग को अपना बनाने में सफल साबित हुई.

## लघुकथा

# अनुत्तरित प्रश्न

आनंद कुमार तिवारी

उनकी बर्तन साफ करने वाली बाई, अपने दो बच्चों को साथ में लेकर काम पर आती थी. उन्हें बच्चों से परेशानी तो थी, किंतु अच्छी बाइयां नहीं मिलती हैं, इसलिए बच्चों को सहन करना उनकी विवशता थी. बच्चे शैतानी न करें और शांत रहें, इसलिये वे टी.वी. चालू कर कार्टून चैनल लगा देतीं. दोनों बच्चें कार्टून देखने में उलझे रहते और वे स्वयं बाई के आसपास मंडराती हुई उसे देश-विदेश के समाचार सुनाती हुई उसके काम की निगरानी करती रहतीं. वे हमेशा बाई से बच्चों को पढ़ने के लिये स्कूल भेजने को कहतीं और बाई हंस कर टाल देती. एक दिन बिजली नहीं होने के कारण टी.वी. चालू नहीं हुआ, इसलिए बच्चे शैतानी करने लगे. कुछ देर तक उन्होंने बर्दाश्त किया. परन्तु बच्चे शैतानी करते ही जा रहे थे. अतः वे नाराज होकर बाई से बोलीं- 'तुम अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजकर उनका भविष्य बिगाड़ रही हो. वे दिन पर दिन शैतान होते जा रहे हैं. बड़े होकर तो उनका आचरण और खराब हो जायेगा.'

उनकी सीख सुनकर बाई बोली- 'क्यों भेजूं मैं बच्चों को स्कूल? आप ही तो बताती रहती हो कि एक स्कूल में टीचर ने एक बच्चे को चालीस चांटे मारे. एक बच्ची यूनीफार्म पहनकर नहीं आई तो उसे लड़कों के टायलेट में खड़ा कर दिया. एक स्कूल में छोटी बच्ची के साथ बलात्कार हुआ. कुछ देर पहले आप बता रही थीं कि एक स्कूल में एक टीचर ने एक बच्चे को दस चांटे मारे और आठ बार स्केल से पीटा. फिर भी मन नहीं भरा तो चार बार लातें भी मारीं. अब आप ही बताओ कि जब स्कूल भेजने से बच्चों का जीवन सुरक्षित नहीं है तो उन्हें पढ़ाने-लिखाने से क्या फायदा? इससे अच्छा तो उनका बिना पढ़े-लिखे होना ही ठीक है.'

## कविता

# कोई नहीं पूछता, तेरा हाल क्या है

फोन करते ही लोग शिक़ायतों का पिटारा खोल बैठते हैं,
जैसे बरसों से इसी घड़ी का इंतज़ार था,
किसी को फ़िक्र नहीं, किसी को ख़याल नहीं,
कोई नहीं पूछता तेरा हाल क्या है?
हम हर मोड़ पर, हर राह में मौजूद मिलते हैं,
हर आहट पर, हर पुकार पर हाज़िर मिलते हैं ,
पर शायद इसी आदत का फ़ायदा उठाते हैं लोग,
हमें बस अपनी ज़रूरतों का दरवाज़ा समझते हैं लोग,
कभी हंसकर, कभी दर्द छुपाकर हम मिलते रहे,
पर कोई नहीं पूछता तेरा हाल क्या है?
हमसे बिछड़कर भी हमें यादों में रखते हैं,
पर मिलते ही बस अपनी कहानियाँ कहते हैं,
ज़माने के शिकवे, हालातों की शिकायतें,
हर दर्द का हिसाब हमारे ही हिस्से में रखते हैं,
पर एक पल को भी ये नहीं सोचते,
कि जिसने सुना, उसका भी कोई हाल होगा!
कोई नहीं पूछता तेरा हाल क्या है?
और शायद ...
यही हमारी सबसे बड़ी ख़ूबी भी है, और सबसे बड़ी कमी भी,
हम टूटकर भी हर रिश्ते को संजोए रखते हैं,
इस आस में कि कोई तो होगा, जो एक दिन कहेगा,
"अब छोड़ भी, बता... तेरा हाल क्या है?"

मस्तमौला कविः डॉ राजेश काळे

## हस्तरेखा

# हथेली में छुपा है आपकी लंबी उम्र का राज

जीवन में हर व्यक्ति चाहता है कि उसकी उम्र लंबी हो और उसे जीवन में सारे सुख-साधन प्राप्त करके पूरी उम्र जीकर ही इस संसार से विदा ले लेकिन हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार जिन लोगों की हथेली में उम्र की रेखा यानी लाइफ लाइन लंबी होती है, वे न केवल लंबी उम्र जीते हैं बल्कि जीवन में तरक्की भी करते हैं। आइए, विस्तार से जानते हैं कि हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार आपकी हथेली में कहां होती है उम्र की रेखा और क्या होता है इसका मतलब।

हथेली में जीवन रेखा, तर्जनी और अंगूठे के बीच से शुरू होकर कलाई तक जाती है। जीवन रेखा, जिसे लाइफ लाइन भी कहते हैं| यह रेखा व्यक्ति के स्वास्थ्य और जीवन के बारे में बताती है। साफ और गहरी रेखा अच्छी सेहत का संकेत है। इस रेखा पर त्रिभुज का निशान शुभ माना जाता है। अंगूठे के निचले हिस्से को घेरे हुए होती है। स्पष्ट और गहरी जीवन रेखा वाले लोग स्वस्थ और लंबा जीवन जीते हैं। इसके अलावा इस रेखा पर त्रिभुज बनना शुभ माना जाता है।

आपकी हथेली पर अगर जीवन रेखा टूटी-फूटी होती है, तो इसका मतलब यह है कि आपको लंबी उम्र जीने के लिए संघर्ष करना पड़ेगा। इसका अर्थ यह है कि आप जीवन में किसी न किसी रोग का शिकार हो सकते हैं। साथ ही आपकी तबियत बार-बार खराब होती रहती है।

हथेली की रेखाएं अगर गहरी और स्पष्ट होती हैं, तो यह इस बात का इशारा है कि आपकी उम्र बहुत ही लंबी होगी और आप बहुत ही स्वस्थ जीवन जिएंगे। हथेली में इस तरह की रेखाएं होने से व्यक्ति बहुत ही खुशहाल जीवन जीता है और बहुत कम बीमार पड़ता है।

किसी व्यक्ति की जीवन रेखा दो भागों में बंटी हो, तो इसका मतलब है कि उसकी मृत्यु अपने पैतृक घर से बहुत दूर होकर होगी। यह संकेत कलाई के पास जीवन रेखा के अंतिम हिस्से में दो भागों में बंटने से मिलता है। ऐसे लोग अपनी जीवन के अंतिम समय में घर से दूर होते हैं।

# जलियांवाला बाग पंजाब



जलियांवाला बाग हत्याकांड भारत के पंजाब प्रान्त के अमृतसर में स्वर्ण मन्दिर के निकट जलियांवाला बाग में 13 अप्रैल 1919 (बैसाखी के दिन) हुआ था। रौलेट एक्ट का विरोध करने के लिए एक सभा हो रही थी जिसमें जनरल डायर नामक एक अँग्रेज ऑफिसर ने अकारण उस सभा में उपस्थित भीड़ पर गोलियाँ चलवा दीं जिसमें 400 से अधिक व्यक्ति मरे और 2000 से अधिक घायल हुए। अमृतसर के डिप्टी कमिश्नर कार्यालय में 484 शहीदों की सूची है, जबकि जलियांवाला बाग में कुल 388 शहीदों की सूची है। ब्रिटिश राज के अभिलेख इस घटना में 200 लोगों के घायल होने और 379 लोगों के शहीद होने की बात स्वीकार करते है जिनमें से 337 पुरुष, 41 नाबालिग लड़के और एक 6-सप्ताह का बच्चा था। अनाधिकारिक आँकड़ों के अनुसार 1500 से अधिक लोग मारे गए और 2000 से अधिक घायल हुए। यदि किसी एक घटना ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम पर सबसे अधिक प्रभाव डाला था तो वह घटना यह जघन्य हत्याकाण्ड ही था। माना जाता है कि यह घटना ही भारत में ब्रिटिश शासन के अंत की शुरुआत बनी। 1997 में महारानी एलिज़ाबेथ ने इस स्मारक पर मृतकों को श्रद्धांजलि दी थी। 2013 में ब्रिटिश प्रधानमंत्री डेविड कैमरॉन भी इस स्मारक पर आए थे। विजिटर्स बुक में उन्होंनें लिखा कि "ब्रिटिश इतिहास की यह एक शर्मनाक घटना थी।" 13 अप्रैल 1919 को बैसाखी का दिन था। बैसाखी वैसे तो पूरे भारत का एक प्रमुख त्योहार है परंतु विशेषकर पंजाब और हरियाणा के किसान सर्दियों की रबी की फसल काट लेने के बाद नए साल की खुशियाँ मनाते हैं।


इसी दिन, 13 अप्रैल 1699 को दसवें और अंतिम गुरु गोविंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी। इसीलिए बैसाखी पंजाब और आस-पास के प्रदेशों का सबसे बड़ा त्योहार है और सिख इसे सामूहिक जन्मदिवस के रूप में मनाते हैं। अमृतसर में उस दिन एक मेला सैकड़ों साल से लगता चला आ रहा था जिसमें उस दिन भी हज़ारों लोग दूर-दूर से श्री हरमिंदर साहिब गुरुद्वारे में गुरु जी के दर्शन करने और बैसाखी का त्यौहार मनाने अमृतसर पहुंचे थे, गुरुद्वारे से 500 मीटर की दुरी में जलियांवाला बाग को देखने के लिए बहुत सारे बच्चे, महिलाएं, बूढ़े, इकट्ठे हुए थे और बड़ी ही खुशी के साथ बैसाखी का त्यौहार मना रहे थे।

प्रथम विश्व युद्ध (1914-1918) में भारतीय नेताओं और जनता ने खुल कर ब्रिटिशों का साथ दिया था। 13 लाख भारतीय सैनिक और सेवक यूरोप, अफ्रीका और मिडल ईस्ट में ब्रिटिशों की तरफ़ से तैनात किए गए थे जिनमें से 43,000 भारतीय सैनिक युद्ध में शहीद हुए थे। युद्ध समाप्त होने पर भारतीय नेता और जनता ब्रिटिश सरकार से सहयोग और नरमी के रवैये की आशा कर रहे थे परंतु ब्रिटिश सरकार ने मॉण्टेगू-चेम्सफ़ोर्ड सुधार लागू कर दिए जो इस भावना के विपरीत थे। लेकिन प्रथम विश्व युद्ध के दौरान पंजाब के क्षेत्र में ब्रिटिशों का विरोध कुछ अधिक बढ़ गया था जिसे भारत प्रतिरक्षा विधान (1915) लागू कर के कुचल दिया गया था। उसके बाद 1918 में एक ब्रिटिश जज सिडनी रॉलेट की अध्यक्षता में एक सेडीशन समिति नियुक्त की गई थी जिसकी ज़िम्मेदारी ये अध्ययन करना था कि भारत में, विशेषकर पंजाब और बंगाल में ब्रिटिशों का विरोध किन विदेशी शक्तियों की सहायता से हो रहा था। इस समिति के सुझावों के अनुसार भारत प्रतिरक्षा विधान (1915) का विस्तार कर के भारत में रॉलट एक्ट लागू किया गया था, जो आजादी के लिए चल रहे आंदोलन पर रोक लगाने के लिए था, जिसके अंतर्गत ब्रिटिश सरकार को और अधिक अधिकार दिए गए थे जिससे वह प्रेस पर सेंसरशिप लगा सकती थी, नेताओं को बिना मुकदमें के जेल में रख सकती थी, लोगों को बिना वॉरण्ट के गिरफ़्तार कर सकती थी, उन पर विशेष ट्रिब्यूनलों और बंद कमरों में बिना जवाबदेही दिए हुए मुकदमा चला सकती थी, आदि। इसके विरोध में पूरा भारत उठ खड़ा हुआ और देश भर में लोग गिरफ्तारियां दे रहे थे।

## बालकथा

शशांक मिश्र भारती

# खुशी के आंसू



कोमल एक गरीब मां-बाप का बेटा था. किसी तरह मेहनत मजदूरी करके सभी का गुजारा चलता था। कभी-कभी काम न मिलने पर चूल्हा एक बार ही जलता। उनके पास इतने पैसे नहीं हो पाते; कि कोमल को उसकी पसन्द के कपड़े दिलवा पाते। फिर भी वह सन्तुष्ट था। कोई शिकायत न थी। कोमल के साथी जब स्कूल जाने लगे; तो उसने भी अपनी मां से कहा,''मां! मेरे साथ के सभी दीपक, रमेश, सूरज, दीपा, हेमा, गीता आदि स्कूल जाने लगे हैं। मैं भी जाऊंगा, बेटा, तुम्हारे पास स्कूल डे्रस और पढ़ने के लिए किताबें कहां से आयेंगी। घर का खर्च बड़ी मुश्किल से चलता है। केशव लाला का ही कई-कई महीने का उधार हो जाता है। उसकी मां ने समझाते हुए कहा। मां, मैं अपना खर्च अपने आप उठाऊंगा। मेहनत-मजदूरी कर लूंगा। छोटा हूं तो क्या हुआ। अपने भर को पैदा कर ही लूंगा। बेटा, यह उम्र कहीं काम करने की होती है। खैर शाम को तेरे पापा से पूछती हूँ। मां ने कहा, पूरी बात पता लगने पर कोमल के पापा तैयार हो गए। कोमल ने समीप बह रही नदी से बजरी और रेत निकालने के लिए ठेकेदार से बात की। उसने कुछ रुपये एडवांस मिले रुपयों से कोमल ने अपने स्कूल की डे्रस और कुछ किताबें खरीद ली।

अगले दिन सुबह-सुबह ही आस-पास के बच्चों को खुशखबरी दे डाली। दीपक, सुरेश, गीता, आओ! देखो, मैंने कितने अच्छे कपड़े बनवाये हैं। स्कूल के लिए किताबें भी खरीद ली हैं। मैं आज से तुम लोगों के साथ स्कूल जाऊंगा, कोमल का उसके पापा ने गांव के स्कूल में दाखिला करवा दिया। वह मन लगाकर मेहनत से पढ़ने लगा। स्कूल से छुट्टी के बाद ठेकेदार के यहां रेता-बजरी निकालता। अरे! कोमल, तुम इतनी कम उम्र में ऐसी लगन से काम करते हो? क्या बात है। ठेकेदार ने पूछा, कुछ नहीं, ऐसे ही कोमल ने ठेकेदार की बात का जवाब देते हुए कहा,नहीं, बताओ तो हम भी जाने। मैं पढ़लिखकर बड़ा बनना चाहता हूँ।

ताकि मेरे माता-पिता को मेहनत-मजदूरी न करनी पड़े। मेरे छोटे भाई-बहन अच्छे से अच्छे स्कूल में पढ़ें, कोमल ने ठेकेदार की जिज्ञासा को शान्त करते हुए कहा। ठेकेदार पर कोमल की बातों का गहरा असर पड़ा बेटा, मुझे तुम्हारे विचारों को जान कर बहुत प्रसन्नता हुई। आज से तुम्हें मेरे यहां रेता-बजरी निकालने की आवश्यकता नहीं है। मैं तुम्हारी पढ़ाई-लिखाई का पूरा खर्च उठाऊंगा तथा हेड मास्टर से कहकर छात्रवृत्ति भी दिलवाऊंगा। तुम बस मेहनत से मन लगाकर अपनी पढ़ाई करते रहो।ठेकेदार के मुँह से ऐसा सुनकर कोमल की आंखें खुशी से छल-छला उठीं। वह उसके पैरों में लिपट कर रो पड़ा. नहीं! नहीं!! पैरों में नहीं गिरते, तुम्हारी बात ने तो मुझे बहुत प्रभावित कर दिया है। काश! ऐसी भावना इस देश के प्रत्येक बालक में पैदा हो पाती तो कैसा रहता.

## हस्तरेखा

# अनामिका उंगली की बनावट खोलती है कई राज

सामुद्रिक शास्त्र में व्यक्ति के अंगों की बनावट से उसके भूत, भविष्य व वर्तमान से जुड़ी बातों या घटनाओं का आकलन किया जाता है। शरीर के अंग व्यक्ति के स्वभाव, व्यक्तित्व, करियर व आर्थिक स्थिति का भी संकेत देते हैं। हाथ की उंगलियों की बनावट से व्यक्ति के जीवन में कितना पैसा आएगा व जीवन कैसा बीतता है आदि बातों को जाना जा सकता है। अनामिका उंगली को रिंग फिंगर कहा जाता है। जानें अनामिका उंगली की बनावट से व्यक्ति के स्वभाव व व्यक्तित्व से जुड़ी ये खास बातें- सामुद्रिक शास्त्र के अनुसार, अनामिका उंगली पर एक खड़ी रेखा निकलकर उंगली के पहले पर्व तक जाती है तो ऐसा व्यक्ति किस्मत का धनी व धनवान होता है। कहते हैं कि ऐसे लोगों को व्यापार में अच्छी सफलता प्राप्त होती है। हस्त रेखा शास्त्र के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति के रिंग फिंगर के पहले पर्व पर कुछ खड़ी रेखाएं होती हैं, तो ऐसे व्यक्ति का जीवन सुखद बीतता है।

अगर किसी व्यक्ति की अनामिका उंगली के पहले पर्व कुछ रेखाएं उंगली के जोड़ पर जाकर मिल जाएं तो ऐसा व्यक्ति दूसरों को आकर्षित करने वाला होता है। हस्त रेखा शास्त्र के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति की अनामिका उंगली हाथ की सबसे बड़ी उंगली यानी तर्जनी उंगली से भी बड़ी होती है, तो कहा जाता है कि ऐसे लोग स्वाभिमानी होते हैं। ऐसे लोग जीवनसाथी का ख्याल रखने वाले माने जाते हैं। अगर किसी व्यक्ति की तर्जनी उंगली और अनामिका उंगली की लंबाई एक बराबर होती है तो ऐसे लोगों को किसी व्यक्ति की दखलंदाजी पसंद नहीं आती है। अनामिका उंगली का छोटा होना शुभ संकेत नहीं होता है। हस्त रेखा शास्त्र के अनुसार, ऐसा व्यक्ति अपने टैलेंट का सही प्रयोग नहीं करके धन कमाता है।

## आलेख

# श्रीकृष्ण की नि:स्वार्थ भक्ति के लिए भावों का परिचय

वर्तमान में हम हमारी दौड़ती-भागती जिंदगी में बहुत सारे भावों को खो बैठे है। हमारे रिश्तों को खो बैठे। हमारी भावनाए हमारे नियंत्रण से बाहर हो गई है। सुख की खोज मे दौड़ते-दौड़ते हमे पता ही नहीं चलता की हम कब बूढ़े हो गए। और वहा से फिर नए दुख का आरंभ होता है। अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु श्री प्रियदर्शी जी महाराज द्वारा रचित, अभूतपूर्व ग्रन्थ 'श्रीकृष्ण चरित मानस (रसायन महाकाव्य)' मे भगवान श्री कृष्ण इस सुख और दुख, जन्म और मृत्यु की जंजाल से मुक्त होने के लिए और श्रीधाम प्राप्ति के लिए विविध भावों और भक्ति के हमे मार्ग बताते है। आइए प्रकाश डालते है, 'श्री कृष्ण चरित मानस' मे बताए गए भगवान श्री कृष्ण के भक्ति-भावों के ज्ञान पर, इस भाव मे साधक ईश्वर के सत्ता को मानता है। उसके ऐश्वर्य स्वरूप को, उसके बृहद स्वरूप को, उसके विशालता को, उसके शक्ति स्वरूप को मानता है और मंदिर जाता है, आदि जिस भाव से वो भगवान की नियमित पूजा करता है। इसमे भक्त छोटा और भगवान का स्वरूप बड़ा होता है। यह भाव मित्रता का भाव है। इसमे भक्त और हरी एकदूसरे के सखा होते है। इस सख्य भाव में कोई बड़ा या कोई छोटा नहीं होता, बल्कि यह दोनों बराबर होते है, एकसमान होते है। इस भाव में भगवान श्री कृष्ण और भक्तों मे संतान प्रेम की भावना होती है। इसमे कभी भक्त पुत्र होते है और भगवान भक्त के माता-पिता, और कभी भगवान पुत्र होते है और भक्त भगवान के माता-पिता। इसमे जब भक्त पुत्र होते है तब वह छोटे बन जाते है और भगवान बड़े और जब भगवान पुत्र बन जाते है तो भगवान छोटे और भक्त बड़े। मानस मे बताए गए सभी भावों मे से यह एक बहुत महत्वपूर्ण भाव है। इस भाव में भक्त भगवान श्री कृष्ण को अपना सर्वस्व मानते है। इस भाव मे भक्त और भगवान एक हो जाते है; भक्त भगवानमय हो जाता है और भगवान भक्तिमय हो जाते है। जब हम सद्गुरुजी की बताई हुई साधना पर चलते है, तब गुरु/हरी की कृपा से हमे युगल सरकार की प्राप्ति होती है। इस भाव में कोमलता, मधुरता और प्रेम की भावना का बड़ा स्त्रोत होता है। गोपियों की तरह भगवान श्री कृष्ण से प्रेम करनाही माधुर्य भाव है। गोपियां भगवान श्री कृष्ण से अटूट प्रेम करती थीं, निस्वार्थ और माधुर्य भाव से उनकी सेवा करती थी, उसी प्रकार हमे भी माधुर्य भाव से भगवान श्री कृष्ण से अटूट प्रेम करना चाहिए, निस्वार्थ भाव से उनकी सेवा करनी चाहिए। माधुर्य भाव में सख्य भाव, दास भाव, वात्सल्य भाव इन भावों समावेश होता हैं। माधुर्य भाव में भक्त भगवान को अपना सब कुछ समर्पित कर देते है।


# क्या आप अस्थमा दमा सांस रोग से परेशान हैं

दमा सास या सास की बीमारी खासकर बारिश या ठंडी के मौसम में ज्यादा परेशान करती है कई लोगो को यह बीमारी कई सालो से लम्बे समय से होती है। ये लोग इसके लिए हमेशा आयुर्वेद में हिअ एलोपैथिक स्टेरॉइड, एंटीएलर्जिक मेडिसिन्स खाते रहते है परन्तु उनको केवल टेम्परारी रिलीफ हे मिलता है और तकलीफ नहीं छूटती। परन्तु आयुर्वेद एक ऐसा प्राचीन जीवनशास्त्र (लाइफ साइंस) एवं चिकित्सा शास्त्र (मेडिकल साइंस) है जिससे की सास जड़ से है की बीमारी में तुरंत आराम मिलता है एवं लम्बे समय तक कम दवाओं में बिना किसी साइड इफेक्ट्स के मरीज़ को आराम मिलता है बढ़ कुछ इलाज के बाद तो उनको दवाई भी लेने जड़ की जरुरत नहीं होती केवल कभी कभी ही तकलीफ होने पर होती है।




सास (अस्थमा) के रोगियों को चल रही रोगी आज कल चल रही कोरोना पान्डेमिक से भी ज्यादा सावधान रहने की ज़रूरत है क्यूंकि इन रोगियों को कोरोना आसानी से तकलीफ में डाल सकता है। आयुर्वेदिक उपचार में श्वास निवारण सिरप ,चित्रकहरीतकी, वासावलेह , स्पेशल श्वासाहर कैप्सूल ,तुलसी सृंग तुलसी प्लस स्ट्रांग सिरप, खोखो सिरप ,एलीनोज़ कैप्सूल इत्यादि से अस्थमा या सास की बीमारी में जल्दी आराम होते हुए देखा गया है। शिवशंकर आयुर्वेदिक चिकित्सालय सीताबर्डी टेम्पेल बाजार रोड। महाजन मार्किट में स्तिथ योग काम्प्लेक्स में एक ऐसा चिकित्सालय है जहा के अनुभवी डॉक्टर्स इस बीमारी अस्थमा ,श्वासरोग दमा का सटीक एकदम दुष्परिणाम विरहित इलाज करते है। जो रुग्ण पंप इन्हेलर्स का इस्तेमाल करते है उनके पंप लेने का प्रमाण धीरे धीरे काम होकर पूरी तरह से छूट भी जाता है। उनके अस्थमा अटैक्स कम होकर उनकी सेवेंटी भी कम हो जाती है। अस्थमा से पीड़ित इच्छुक रुग्ण 9112079000 / 8605245080 पर संपर्क स्थापित कर इस तकलीफ से आज भी छुटकारा पा सकते है।

सीताबर्डी स्तिथ शिवशंकर आयुर्वेदिक एजेंसी अथवा क्लिनिक में इन दूरध्वनि क्रमांकों पर संपर्क स्थापित करें. 9112079000 / 8605245080


नागपुर मेट्रो समाचार : फैजान मिडिया सर्विसेस प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशकः फैजान सिराज शेख ने देश पब्लिकेशन, ई-30/2 हिंगणा एमआईडीसी, नागपुर-16 से मुद्रित कर 532, हनुमान नगर नागपुर.440009 से प्रकाशित किया.
संपादकः इमरान मुमताज शेख, मो. 9730005662 (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) ngpms2019@gmail.com RNI.NO - MAHHIN/2019/78960 (सभी न्यायालयीन प्रक्रिया नागपुर न्यायालय में होगी.)

CMYK

# जिला चंद्रपुर-गढ़चिरोली

# नागपुर संभागीय खेल-कूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में चंद्रपुर जिला 'चैंपियन'

## > राज्य स्तर पर भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करें: पालकमंत्री डॉ. अशोक उइके

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

चंद्रपुर में आयोजित नागपुर विभागीय क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक स्पर्धा में चंद्रपुर जिले ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 356 अंकों के साथ चैम्पियनशिप का खिताब जीत लिया। दूसरे स्थान पर रहे गढ़चिरौली जिले को 305 अंक मिले। राज्य के आदिवासी विकास मंत्री तथा चंद्रपुर जिले के पालकमंत्री डॉ. अशोक उइके के हाथों जिलाधिकारी विनय गौड़ा को ट्रॉफी समारोह में सौंपी गई. उन्होंने चंद्रपुर जिला विजेता टीम के साथ 'जनरल चैम्पियनशिप' ट्रॉफी भी स्वीकार की।

नागपुर क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता 7 से 9 फरवरी 2025 तक सैनिक स्कूल, विसापुर में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में नागपुर संभाग के छह जिलों और नागपुर स्थित आयुक्त कार्यालय की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का समापन 9 फरवरी 2025 को सैनिक स्कूल में पालकमंत्री डॉ.अशोक उइके की उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस अवसर पर किशोर जोरगेवार, नागपुर विभागीय आयुक्त माधवी खोडे-चावरे, जिला कलेक्टर विनय गौड़ा जी.सी., गडचिरोली जिला कलेक्टर अविशांत पंडा, नागपुर डिप्टी कमिश्नर दीपाली मोतीहाले, सहायक जिला कलेक्टर अपूर्वा



बसुर, कश्मीरा सांख्या, सैनिक स्कूल के प्राचार्य कैप्टन अश्विन अनूपदेव, निवासी उप जिला कलेक्टर दगडू कुंभार और अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

**राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करें :- पालकमंत्री डॉ. अशोक उइके**

इस अवसर पर बोलते हुए पालकमंत्री डॉ.अशोक उइके ने कहा कि राजस्व विभाग प्रशासन की मुख्य प्राणशक्ति है। इस तरह के खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम अधिकारियों और कर्मचारियों को उनके दैनिक कार्य करते समय एक मंच प्रदान करते हैं। उन्हें जिला स्तर, संभाग स्तर और राज्य स्तर पर खेलने का अच्छा अवसर मिलता है। लक्ष्य खेल में सफलता प्राप्त करना होना चाहिए। जिस तरह हम प्रशासन में काम करते हुए अपनी पहचान बनाते हैं, उसी तरह खेलों के माध्यम से भी हमारी पहचान बननी चाहिए। पालकमंत्री ने आशा व्यक्त की कि नागपुर विभाग और चंद्रपुर जिला भी राज्यस्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

**जिला प्रशासन द्वारा खेल प्रतियोगिताओं का उत्कृष्ट आयोजन: विधायक किशोर जोरगेवार**

इस सैनिक स्कूल का निर्माण राज्य सरकार की 590 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यहां अत्याधुनिक खेल सुविधाएं उपलब्ध हैं। सरकार को राजस्व प्रशासन से काफी उम्मीदें हैं। राजस्व विभाग की खेल प्रतियोगिताओं की तरह नागपुर विभाग को अन्य सरकारी विभागों की खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का भी आयोजन करना चाहिए। ताकि अन्य विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी अपनी प्रतिभा का विकास कर सकें। उन्होंने कहा कि चंद्रपुर जिला प्रशासन ने इन खेल प्रतियोगिताओं का उत्कृष्ट आयोजन किया।

**नागपुर संभाग को राज्य में हमेशा अग्रणी रहना चाहिए: संभागीय आयुक्त माधवी खोड़े**

प्रशासन में राजस्व विभाग की बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। काम के तनाव से मुक्ति के लिए ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन आवश्यक है। छह जिलों और नागपुर संभाग के आयुक्त कार्यालय की टीमें यहां आईं। सभी ने अच्छा काम किया है और खेल भावना सिर्फ खेल में ही नहीं बल्कि काम में भी दिखनी चाहिए। विभागीय आयुक्त माधवी खोड़े-चावरे ने भी आशा व्यक्त की कि नागपुर विभाग पूरे राज्य में हमेशा अग्रणी रहेगा। परिचय में जिलाधिकारी विनय गौड़ा ने बताया कि ये प्रतियोगिताएं तीन दिनों तक आयोजित की गईं। इसमें नागपुर मंडल से कुल 1080 अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। ये प्रतियोगिताएं 22 खेलों में आयोजित की गईं। ऐसी प्रतियोगिताएं व्यक्तित्व विकास में सहायक होती हैं।

कार्यक्रम का संचालन तहसीलदार प्रताप वाघमारे ने किया और आभार प्रदर्शन निवासी डिप्टी कलेक्टर दगडू कुंभार ने किया। इस अवसर पर उपविभागीय अधिकारी संजय पवार, रविन्द्र माने, उप कलेक्टर (भूमि अधिग्रहण) संजय पवार, तहसीलदार विजय पवार, श्रीधर राजमाने सहित अन्य खेल अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

**इन टीमों को विजेता व उपविजेता घोषित किया गया:**

कबड्डी - विजेता गढ़चिरौली जिला, उपविजेता चंद्रपुर जिला, वॉलीबॉल - विजेता चंद्रपुर, उपविजेता गढ़चिरौली, थ्रो बॉल - विजेता गढ़चिरौली, उपविजेता चंद्रपुर, खो-खो महिला: विजेता गढ़चिरौली, उपविजेता चंद्रपुर. खो-खो पुरुष: विजेता गढ़चिरौली, उपविजेता चंद्रपुर. क्रिकेट – विजेता चंद्रपुर, उपविजेता नागपुर फुटबॉल – विजेता चंद्रपुर, उपविजेता गढ़चिरौली, इसके अलावा, चंद्रपुर और गढ़चिरौली के साथ-साथ गोंदिया, भंडारा, वर्धा और नागपुर जिलों ने सर्वश्रेष्ठ गायन एकल, सर्वश्रेष्ठ अभिनय एकल, व्यक्तिगत नृत्य, सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा, अनुकरण, युगल, निर्देशन और कला रूप श्रेणियों में अच्छा प्रदर्शन किया।

# हिरई महोत्सव में डायग्नोस्टिक कैंसर वैन के माध्यम से कैंसर जागरूकता एवं जांच अभियान

## > स्वास्थ्य विभाग की पहल



**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

जिला ग्रामीण विकास एजेंसी, उम्मीद, महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण आजीविका सुधार मिशन और जिला परिषद, चंद्रपुर की संयुक्त पहल के तहत महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा जिला स्तरीय हिराई महोत्सव का आयोजन चांदा क्लब मैदान में किया गया था।

इस त्यौहार पर राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम की ओर से जिला सामान्य अस्पताल, चंद्रपुर, जिला शल्य चिकित्सक डॉ. महादेव चिंचोले, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक कटारे के मार्गदर्शन में डायग्नोस्टिक कैंसर वैन के माध्यम से स्तन कैंसर, गर्भाशय कैंसर, मुख कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, जो मुख्य रूप से महिलाओं में पाया जाता है, की स्वास्थ्य जांच की गई।

स्त्री रोग विभाग द्वारा स्तन कैंसर के लिए कुल 141 क्लिनिकल स्तन परीक्षण किए गए तथा गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की संदिग्ध महिलाओं पर वीआईए परीक्षण किए गए। एक दंत शल्यचिकित्सक ने 180 महिलाओं की मौखिक कैंसर की जांच की।

उक्त जांच शिविर में जिला शल्य चिकित्सक डा. भास्कर सोनारकर और अति.जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आविष्कार खंडारे, डॉ. पद्मजा बोरकर, चंद्रपुर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल थे।

# आपातकालीन स्थिति में एम्बुलेंस प्रभावी

## > विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने जताया भरोसा, जनता को एम्बुलेंस समर्पित की

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

स्वास्थ्य सेवा ईश्वर की सेवा है। समय पर एम्बुलेंस मिलने से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। सेवा की इस महान भावना के साथ, श्री. यह एम्बुलेंस विराल चितालिया द्वारा दान की गई थी। विधायक मुनगंटीवार का मानना है कि दुर्घटनाओं, बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य संबंधी आपात स्थितियों में एम्बुलेंस कारगर साबित होंगी। स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए मुनगंटीवार हमेशा तैयार रहते हैं। यह उल्लेखनीय है कि उन्होंने अतीत में कई चिकित्सा सेवा पहलों को क्रियान्वित करके इसका प्रदर्शन किया है।

विधायक सुधीर मुनगंटीवार के प्रयासों से, स्वर्गीय विनोद चितालिया मुंबई की स्मृति में, बाल तैराकी संघ को भद्रबेन चितालिया, विरल चितालिया और मिलन चितालिया के सौजन्य से एक एम्बुलेंस प्राप्त हुई। इस एम्बुलेंस का उद्घाटन मूल स्थित रामलीला भवन में विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने किया। वह उस समय बोल रहे थे। इस अवसर पर विरल चितालिया, अमोल जाधव, नंदकिशोर रणदिवे, संध्याताई गुरनुले, किशोर कपगते, संजय चिंतावार, प्रवीण मोहुर्ले, अजय गोगुलवार, प्रज्वलंत कडू उपस्थित थे।

विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने कहा कि चितालिया ने उदारतापूर्वक एम्बुलेंस जनता की स्वास्थ सेवा के लिए विरल चितालिया का आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी विश्वास व्यक्त किया कि तैराकी संघ एम्बुलेंस की अच्छी देखभाल करेगा। विधायक मुनगंटीवार का मानना है कि मूल



के निवासियों को इस एम्बुलेंस का उचित उपयोग करना चाहिए और गरीबों की जान बचाने का काम करना चाहिए। सभी समुदाय मिलकर इस काम में सहयोग करेंगे। ऐसी भावना सुधीर मुनगंटीवार ने व्यक्त की।

**स्वास्थ्य सेवा को मजबूत हो**

विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। उनकी पहल के कारण चंद्रपुर में कैंसर अस्पताल का निर्माण हुआ और एक नया मेडिकल कॉलेज स्थापित हुआ। मुनगंटीवार द्वारा चंद्रपुर जिले में 13 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का निर्माण किया। उन्होंने अब तक सार्वजनिक सेवा के लिए नौ एम्बुलेंस उपलब्ध कराई हैं और बड़ी संख्या में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए हैं।

**स्वास्थ्य उप-केन्द्रों के लिए स्वीकृति**

विधायक सुधीर मुनगंटीवार की पहल से स्मार्ट प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाए जा रहे हैं। एक विशेष मामले के रूप में, उन्होंने सात उप-जिला अस्पतालों को मंजूरी दी। इसमें मुल तालुका के चितेगांव, पिंपरी दीक्षित, फिसकुटी, सुशी और पोम्भुर्ना तालुका के सतारा तुकुम, फुटाना और जामटुकुम गांवों में उप-केंद्रों को मंजूरी दी गई है। विधायक सुधीर मुनगंटीवार की पहल पर अब तक नेत्र देखभाल शिविरों के माध्यम से 50,000 रोगियों की जांच की जा चुकी है। 5,000 से अधिक मोतियाबिंद सर्जरी की गई हैं और 35,000 से अधिक जोड़ी चश्में प्रदान किए गए हैं।

# सामाजिक प्रतिबद्धता से एक बेघर महिला का घर सुरक्षित

## > चंद्रपुर एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना की 'मिशन आधार' पहल

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना चंद्रपुर द्वारा सामाजिक प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने के लिए तैयार की गई 'मिशन आधार' पहल के माध्यम से एक निराश्रित महिला को 60,000 रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की गई। इस राशि से एक बेसहारा महिला का घर सुरक्षित हो गया है।

एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना, चंद्रपुर के परियोजना अधिकारी विकास राचेलवार की अवधारणा के आधार पर सामाजिक प्रतिबद्धता को बढ़ावा देने के लिए 'मिशन आधार' नाम से एक व्हाट्सएप समूह बनाया गया है। इस समूह में परियोजना कार्यालय के अंतर्गत कार्यरत समस्त अधिकारी, कर्मचारी, आश्रम विद्यालयों के प्राचार्य, अन्य कर्मचारी तथा होमगार्ड एवं अनुदान प्राप्त आश्रम विद्यालयों



के कर्मचारी तथा संस्था के संचालक शामिल हैं।

यह समूह जरूरतमंदों, वंचितों, निराश्रित और विकलांगों की मदद के लिए मानवीय दृष्टिकोण से बनाया गया है। एक महीने पहले चंद्रपुर निवासी शिला बालाजी कुमरे विधवा और विकलांग थीं और उनकी स्थिति बहुत कठिन थी। जितेश कुलमेथे ने परियोजना अधिकारी विकास राचेलवार को बताया कि उनके घर की छत गिरने वाली है।

राचेलवार ने अधिकारी, कर्मचारी ग्रुप को संदेश और मकान की फोटो भेजकर सभी से इस जरूरतमंद परिवार की मदद करने की अपील की। परियोजना कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, सरकारी आश्रम स्कूल के प्राचार्य, अनुदानित आश्रम स्कूल के प्रमुख मंगेश चटप, मनोहर चटप, प्रशांत चटप, बजाज तथा परियोजना कार्यालय के कुछ आपूर्तिकर्ताओं ने मिलकर 60 हजार रुपए की सहायता राशि एकत्रित की।

यह राशि परियोजना अधिकारी विकास राचेलवार, जगताप, लेखा अधिकारी और एस.एस. पाटिल की मौजूदगी में एक असहाय महिला को इस वित्तीय सहायता से जितेश कुलमेथे को शिला बालाजी कुमरे नामक महिला के घर की मरम्मत की जिम्मेदारी दी गई और तदनुसार महिला के घर की छत और कंक्रीट की मरम्मत की गई।

इस संबंध में परियोजना अधिकारी विकास राचेलवार ने बताया कि, "मिशन आधार के तहत मैंने अपने सभी साथी अधिकारियों/कर्मचारियों के माध्यम से जरूरतमंदों, निराश्रितों, विधवाओं और दिव्यांगों को बड़े पैमाने पर व्यक्तिगत सहायता प्रदान की है।" इस समूह की मदद से इसी तरह के सामाजिक कार्य किए जाते रहेंगे। इसके लिए राचेलवार से अपेक्षा है कि सहकर्मीगण तथा कार्यालय से संबंधित सभी लोग आगे आकर मदद का हाथ बढ़ाएंगे।

# विदर्भ राज्य आंदोलन समिति का तीसरा अधिवेशन 23 और 24 मार्च को

## > प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदर्भ राज्य आंदोलन समिति के अध्यक्ष चटप ने दी जानकारी

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

आंदोलन में जनभागीदारी बढ़ाने तथा सशक्त वैचारिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से विदर्भ राज्य आंदोलन समिति ने 23 और 24 मार्च 2025 को नागपुर में अपना तीसरा अधिवेशन आयोजित किया है, ऐसी जानकारी विदर्भ राज्य आंदोलन समिति के अध्यक्ष एडवोकेट वामनराव चटप ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी।

एड. चटप ने कहा कि विदर्भ के विकास के लिए पृथक विदर्भ राज्य ही एकमात्र विकल्प है। विदर्भ में किसान आत्महत्या, प्रदूषण, कुपोषण और उसके कारण होने वाली शिशु मृत्यु दर, गंभीर मातृ मृत्यु दर और नक्सलवाद जैसे गंभीर मुद्दों पर गहन अध्ययन और प्रस्तुतीकरण करने तथा विदर्भ के समाज का मन जागृत करने के लिए यह सम्मेलन




आयोजित किया गया है।

एड. चटप ने कहा कि विदर्भ में नागपुर समझौते के अनुसार 60,000 करोड़ रुपए का बकाया है, जो 1960 से अब तक सिंचाई का 23 प्रतिशत है, जिसके कारण 131 सिंचाई परियोजनाएं अधूरी हैं और 14 लाख हेक्टेयर भूमि सिंचाई के दायरे में नहीं आ रही है। भूमि, सड़क, पेयजल, उद्योग, ऊर्जा, लोक निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा, ग्रामीण विकास, जनजातीय विकास और सामाजिक कल्याण में 15,000 करोड़ रुपये के बकाया और 7,14,000 करोड़ रुपये के कर्ज के साथ राज्य वित्तीय दिवालियापन के कगार पर है।

विदर्भ राज्य को सक्षम और संतुलित दिखाने वाला बजट डॉ. श्रीनिवास खंदेवाले इसे सम्मेलन में प्रस्तुत करेंगे। बताया गया कि सम्मेलन के बाद अगले आंदोलन की दिशा तय कर विदर्भ के लोगों को देश के अन्य नागरिकों की तरह सम्मान और खुशी के साथ मानव के रूप में जीने का अधिकार दिलाने की लड़ाई तेज की जाएगी।

पत्रकार वार्ता में विदर्भ राज्य आंदोलन समिति के अध्यक्ष एडवोकेट. वामनराव चटप के साथ पूर्व विदर्भ अध्यक्ष अरुण केदार, युवा गठबंधन प्रदेश अध्यक्ष मुकेश मासुरकर, कपिल इडे, सुदाम राठोड, मितिन भागवत, किशोर दहेकर, अंकुश वाघमारे, शालिक मावलीकर, मुन्ना खोबरागड़े, मुन्ना आवडे, मारोतराव बोथले, मुकेश जीवतोड़े, प्रशांत नखाटे, गोविंद मित्रा उपस्थित थे।

# एक सकारात्मक परिवर्तनकारी नारी-शक्ति की संघर्ष यात्रा

**चंद्रपुर, सुनील तायडे**

संकल्प संस्था द्वारा महिलाओं के लिए सौभाग्य योजना कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नारी शक्ति केवल परिवार की ही नहीं, बल्कि पूरे समाज की शक्ति है। जब एक महिला आत्मनिर्भर बनती है तो वह न केवल आत्मनिर्भर रहती है , बल्कि पूरे समाज को भी प्रेरणा देती है। आज इस मंच पर कई महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किये। संघर्ष था , कड़ी मेहनत थी , लेकिन उससे भी बढ़कर था दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और कुछ कर गुजरने का साहस दिखाई दे रहा था। विधायक किशोर जोरगेवार ने कहा कि सौभाग्य समारोह एक पहल है जो इस संघर्षपूर्ण यात्रा पर ध्यान देती है और समाज में सकारात्मक बदलाव लाती है।

एकल माताओं और विधवाओं की संघर्षपूर्ण यात्रा को सम्मानित करने के लिए संकल्प संस्था और नीमा मानव मंच के सहयोग से इंदिरा नगर में " नारी सौभाग्य समारोह" का आयोजन किया गया । वह इस कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर संकल्प संस्था के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. अशोक वासलवार , नीमा मानव मंच के अध्यक्ष डॉ. शिमला गजरालावाड़ , सचिव डॉ. मनीष घुगल , डा. वैशाली बदनोर , डॉ. स्नेहल पोटदुखे , कुंदन खोबरागड़े




और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

जोरगेवार ने कहा कि समाज में कई महिलाएं विभिन्न परिस्थितियों का सामना कर रही हैं और अपनी आजीविका चला रही हैं। कुछ विधवा हो जाती हैं , कुछ अनाथ हो जाती हैं , लेकिन कठिन परिस्थितियों का सामना करने का उनका साहस और अपने परिवारों के लिए खड़े होने का उनका दृढ़ संकल्प वास्तव में बहादुरी की कहानी है।

आज यहां उपस्थित महिलाओं ने अपनी कड़ी मेहनत से न केवल अपने जीवन को बल्कि अपने बच्चों और परिवारों के जीवन को भी आकार दिया है। संकल्प संस्था ने इस पहल को क्रियान्वित करके इन महिलाओं को सम्मानित करने का महान कार्य किया है। यह सम्मान उन्हें और अधिक आत्मविश्वास



देगा तथा अन्य महिलाओं के लिए भी एक नई मार्गदर्शिका का काम करेगा। समाज को भी ऐसी महिलाओं के दृढ़ संकल्प और उपलब्धि को प्रोत्साहित करना चाहिए। हम सदैव महिलाओं के सशक्तिकरण, उनके अधिकारों और उनकी प्रगति के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रयास करते रहेंगे कि विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं तक पहुंचे तथा उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं। महिलाएं न केवल परिवार की आधारशिला हैं , बल्कि वे पूरे समाज की ताकत हैं। उन्होंने अपनी उपलब्धियों के माध्यम से यह साबित कर दिया है। इस अवसर पर विधायक किशोर जोरगेवार ने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा, "और आगे भी ऐसा ही होता रहेगा ।" कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विधवा महिलाएं उपस्थित थीं।

# सेंसर बोर्ड ने 'छावा' को भी नहीं बख्शा!

## रिलीज से पहले फिल्म में 3 कट्स



विक्की कौशल-स्टारर 'छावा' को तीन कट्स और सात बदलावों के साथ यूए सर्टिफिकेट दिया गया है। एक ऑडियो-टेक्स्ट डिस्क्लेमर में कहा गया है कि यह फिल्म शिवाजी सावंत के लिखे गए नोवल पर बेस्ड है। फिल्म का इरादा किसी भी ऐतिहासिक तथ्य को बदनाम करने, अपमानित करने, गलत तरीके से पेश करने या विकृत करने का नहीं है, न ही यह किसी व्यक्ति या समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने या कमजोर करने की कोशिश करती है।फिल्म का उद्देश्य छत्रपति संभाजी महाराज को श्रद्धांजलि देना, उनकी बुद्धिमत्ता, वीरता और इतिहास में स्थायी योगदान को उजागर करना है। औरंगजेब के 'खून तो आखिरी मुगलों का' जैसे कुछ वाक्यों को बदल दिया गया है। इसके अलावा, कुछ अपशब्दों को भी हटा दिया गया है। फिल्म का समय 2 घंटे और 42 मिनट है और यह 14 फरवरी को रिलीज होगी।विक्की कौशल फिलहाल अपनी ऐतिहासिक फिल्म छावा का प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने हाल ही में शेयर किया कि कई बड़े सीन्स करने के बाद, वह अपनी पत्नी कटरीना कैफ के साथ उन पर बात करने के बजाय चुप रहना पसंद करते हैं। उनका मानना है कि इन अनुभवों के बारे में बात करने से उनका इमोशनल इफेक्ट कम हो सकता है। उनका परिवार उनकी इस जरूरत का सम्मान करता है, जिससे वह अपनी भावनाओं को सीन्स में और अच्छे से दिखा पाते हैं।लक्ष्मण उटेकर के डायरेक्शन में बनी फिल्म छावा को हाल ही में विवाद का सामना करना पड़ा जब संभाजी और येसुबाई के लेज़िम गाने पर आपत्ति जताई गई, जिसे बाद में फिल्ममेकर ने हटा दिया। वैलेंटाइन के दिन 14 फरवरी को फिल्म रिलीज हो रही है।

# 'मैं बस सॉरी कहना चाहता हूं'

## रणवीर अलाहाबादिया ने मांगी माफी



कॉमेडी शो इंडियाज गॉट लेटेंट में सरेआम यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया ने हुई कंट्रोवर्सी को लेकर माफी मांग ली है. एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर उन्होंने शो के मेकर्स से रिक्वेस्ट की है कि वीडियो का उतना विवादित हिस्सा हटा दें जिसमें उन्होंने पेरेंट्स को लेकर विवादित कमेंट किया है. एक्स पर एक वीडियो पोस्ट करते हुए रणवीर अलाहबादिया ने कैप्शन में लिखा- मुझे वो नहीं कहना चाहिए था जो मैंने भारत पर कहा था. मुझे अफसोस है. मेरा कमेंट न सिर्फ गलत था, बल्कि फनी भी नहीं था. कॉमेडी मेरी क्वालिटी नहीं है, मैं यहां सिर्फ सॉरी कहने के लिए आया हूं. जाहिर तौर पर मैं इसे इस तरह इस्तेमाल नहीं करना चाहता.

रणवीर ने आगे कहा- जो कुछ भी हुआ उसके पीछे मैं कोई रिफ्रेंस या कोई सफाई नहीं देने जा रहा हूं. मैं यहां सिर्फ माफी के लिए आया हूं. मुझसे पर्सनली फैसला लेने में चूक हुई. ये मेरी तरफ से अच्छा नहीं था. पॉडकास्ट को सभी उम्र के लोग देखते हैं, मैं उस तरह का शख्स नहीं बनना चाहता जो जिम्मेदारी को हल्के में लेता है और परिवार वो आखिरी चीज है जिसका मैं कभी अनादर करूंगा.

यूट्यूबर ने ना सिर्फ माफी मांगी, बल्कि आगे से इस तरह की कोई हरकत ना करने का भी वादा किया उन्होंने कहा- मैं वादा करता हूं कि मैं बेहतर हो जाऊंगा. मैंने वीडियो के मेकर्स से वीडियो से असंवेदनशील हिस्सों को हटाने के लिए कहा है और आखिर में मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि मुझे अफसोस है. मुझे उम्मीद है कि आप एक इंसान होने के नाते मुझे माफ कर सकते हैं.

# 'सनम तेरी कसम' के लिए 215 लड़कियों का ऑडिशन

## फिर पाक एक्ट्रेस मावरा होकेन हुई साइन?



'सनम तेरी कसम' 2016 में रिलीज हुई थी. ये फिल्म उस वक्त फ्लॉप हो गई थी. अब 7 फरवरी को फिल्म री-रिलीज हुई और फिल्म को भर-भरकर प्यार मिल रहा है. फिल्म 3 दिन में ही हिट हो गई है. फिल्म ने ओरिजनल लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है. इस फिल्म में मावरा होकेन लीड रोल में थीं.

मावरा होकेन पाकिस्तानी एक्ट्रेस हैं. फिल्म में रोल के लिए उनसे पहले 215 लड़कियों का ऑडिशन किया गया था. लेकिन आखिर में मावरा को कास्ट किया गया. मावरा ने खुद बताया कि आखिर उन्हें क्यों कास्ट किया गया था.

मावरा होकेन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. इस वीडियो में वो फिल्म में अपने एक्सपीरियंस को लेकर बात कर रही हैं. साथ ही उन्होंने बताया कि आखिर मेकर्स ने उन्हें फिल्म में कास्ट क्यों किया था.मावरा ने कहा, 'मुझा बताया गया कि इस रोल के लिए 215 लड़कियों का ऑडिशन लिया गया था. लेकिन कोई भी रोते हुए खूबसूरत नहीं लग रही थी. और फिल्म में कई इमोशनल सीन थे तो इसीलिए ये कास्टिंग के वक्त अहम फैक्टर था. आखिर में मुझे ये रोल मिला क्योंकि मैंने इमोशनल मोमेंट में भी काफी ग्रेसफुली मैनेज किया.'

# राधिका मर्चेंट के डांस सोशल मीडिया पर मचाई धूम

नीता अंबानी की छोटी बहू राधिका मर्चेंट इन दिनों लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं. शादी के बाद से ही वह सोशल मीडिया पर छाई हैं, जहां उनके कई फैन पेज भी मौजूद हैं. इन पेजों पर उनकी फोटोज और वीडियो अकसर वायरल होते रहते हैं. हाल ही में राधिका मर्चेंट का एक नया डांस वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है.वायरल हो रहे वीडियो में राधिका मर्चेंट अपने दोस्त की शादी में मस्तीभरे अंदाज में डांस करती दिख रही हैं. उनके एक्सप्रेशंस और डांस मूव्स ने फैंस का दिल जीत लिया है. वीडियो में देखा जा सकता है, कि वह अपनी सहेलियों के साथ ठुमके लगाते हुए, बेहद ग्लैमरस और ग्रेसफुल नजर आ रही हैं.



# हर एक सीन में नया ट्विस्ट

## धुंआधार सस्पेंस से पैक है साउथ मूवी



सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर इस फिल्म के हर मोड़ पर आपको कुछ नया मिलेगा. फिल्म एकदम धांसू है. फिल्म के हर एक सीन में नया ट्विस्ट आता है, जो आपका दिमाग घुमाकर रख देगा. फिल्म का क्लाइमैक्स देख आपको विश्वास ही नहीं होगा कि ये कैसे हो सकता है. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी खूब नाम और पैसा कमाया है. आइए आज आपको इस फिल्म की कहानी बताते हैं. बेहद ही दिलचस्प कहानी से सजी ये फिल्म साल 2018 में रिलीज हुई थी. फिल्म की कहानी ऐसी है कि पहले तो आपका माथा घूम जाएगा और आप सोचने पर मजबूर हो जाएंगे. इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा परफॉर्म किया था. हम जिस फिल्म की बात कर रहे हैं उसका नाम आवे है.आवे एक तेलुगु भाषा की साइकोलॉजिकल फिल्म है. फिल्म में काजल अग्रवाल, निथ्या मेनन, रेजिना कैसांड्रा, ईशा रेब्बा, श्रीनिवास अवसारला, प्रियदर्शी पुलिकोंडा और मुरली शर्मा जैसे कई शानदार एक्टर और एक्ट्रेस शामिल हैं. फिल्म की पूरी कहानी बड़ी गंभीरता से काली के ईद-गिर्द घूमती है. काली का किरदार काजल अग्रवाल ने निभाया है. फिल्म में 7 कहानियां दिखाई गई हैं. इसमें बाल शोषण, यौन शोषण, समलैंगिकता और नशीली दवाओं का गलत इस्तेमाल जैसी कहानियां शामिल हैं. फिल्म में टाइम ट्रेवल भी दिखाया गया है. ये फिल्म आपको एक वैज्ञानिक दृष्टिकोण देता है.

ये फिल्म जब 2018 में रिलीज हुई थी तो इसे दर्शकों का खूब प्यार और सपोर्ट मिला था. जानकारी के मुताबिक इस फिल्म का बजट 5 करोड़ रुपये बताया जाता है, जिसने बॉक्स ऑफिस 9.45 करोड़ की कमाई की थी.

### हिना खान ने बच्चों के साथ गाया कश्मीरी गाना

टीवी की मशहूर एक्ट्रेस हिना खान इन दिनों अपनी सेहत को लेकर चर्चा में हैं। कैंसर से लड़ रही हिना सोशल मीडिया पर अपने ट्रीटमेंट और जिंदगी से जुड़े पल शेयर करती रहती हैं। हाल ही में उन्होंने एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वो बच्चों के साथ कश्मीरी गाना गाती नजर आ रही हैं। उनका यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और फैन्स इसे खूब पसंद कर रहे हैं।हिना खान ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर यह वीडियो शेयर किया है। जिसमें वे अपने कजिन्स और बच्चों के साथ नजर आ रही हैं। वीडियो में हिना गोद में एक बच्ची को लिए हुए हैं, जो उनके साथ गाना गा रही है। वहीं पीछे एक व्यक्ति गिटार बजा रहा है। हिना खान इस वीडियो में अपने कश्मीरी कल्चर को सेलिब्रेट कर रही हैं। वीडियो के साथ हिना खान ने कैप्शन में लिखा,"मेरा विश्वास करो, हम कश्मीर में रहने वाले कश्मीरियों से ज्यादा कश्मीरी हैं।"उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों को कोल्डप्ले के गाने पसंद हैं .

# नोबेल प्राइज विनर के हाथों अनुपम खेर का हुआ सम्मान



अनुपम खेर का नाम बॉलीवुड के बेहतरीन कलाकारों में शामिल है, उन्होंने कई सारी कमाल की फिल्मों में काम भी किया है. इन सभी कामों के लिए उन्हें कई सारे अवॉर्ड भी मिले हैं. लेकिन हाल ही में एक्टर को एक और अवॉर्ड से नवाजा गया. खास बात ये है कि ये अवॉर्ड फिल्मों से जुड़ा हुआ नहीं है, बल्कि अनुपम खेर को ये सम्मान 'आशावाद के दर्शन' के लिए मिला है.बॉलीवुड स्टार अनुपम खेर के लिए 9 फरवरी का दिन काफी खास रहा है. उनको सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल की तरफ से सम्मानित किया गया है. इस बात की जानकारी, एक्टर ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर दिया है. उनको ये अवॉर्ड नोबेल प्राइज विनर प्रोफेसर जेम्स एलिसन और प्रोफेसर पद्मनी शर्मा के द्वारा दिया गया है. हॉस्पिटल के इस इवेंट में फिल्मी दुनिया के और भी कई सितारे मौजूद थे.अनुपम खेर ने इल्यूमिनेट ऑन्कोलॉजी टाउन हॉल 2.0 इवेंट के दौरान अवॉर्ड जीतते वक्त की तस्वीरें अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की है. जिसमें उन्होंने लिखा है कि नोबेल अवॉर्ड विनर से मेरे लिए सबसे अनोखा सम्मान- मेरी एक्टिंग या सिनेमा में योगदान के अलावा, मुझे पहले कई वजहों से अवॉर्ड दिया गया है. लेकिन कल रात मुझे सर एचएन रिलायंस फाउंडेशन हॉस्पिटल की तरफ से नोबेल प्राइज विनर प्रोफेसर जेम्स एलिसन और प्रोफेसर पद्मिनी शर्मा के द्वारा सम्मानित किया गया है.आगे एक्टर ने लिखा ये सम्मान मेरे लिए खुद काफी शॉकिंग है. अनुपम खेर ने बताया कि उन्हें 'आशावाद के दर्शन' के लिए अवॉर्ड मिला है. उन्होंने कहा मैं दुनिया की मेडिकल रॉयल्टी के दोनों ओर से शामिल होने के लिए.

# फिल्म में काम के नाम पर पूर्व सीएम की बेटी के साथ धोखा



फिल्म जगत से जुड़ी एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक की बेटी आरुषि निशंक से फिल्म में काम दिलाने के नाम पर 4 करोड़ रुपये की ठगी की गई है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें बॉलीवुड में अभिनय का मौका देने का झांसा देकर यह ठगी की गई। इस मामले में शिकायत दर्ज कर ली गई है, और पुलिस जांच में जुटी हुई है।


प्राथमिकी (एफआईआर) के अनुसार आरुषि निशंक को फिल्म में रोल दिलाने और फिल्म निर्माण में निवेश करने के नाम पर मुंबई मिनी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर ने 4 करोड़ की ठगी की है।

आरुषि की तरफ से देहरादून की शहर कोतवाली में तहरीर दी गई है। ठगी के आरोप में मुंबई के दो फिल्म प्रोड्यूसर मानसी वरुण बागला और वरुण प्रमोद कुमार बागला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

आरुषि निशंक अपनी प्रोडक्शन कंपनी हिमश्री फिल्म्स के तहत फिल्म निर्माण और एक्टिंग से जुड़ी हैं और लंबे समय से इस फील्ड में काम कर रही हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि मुंबई के प्रोड्यूसर मानसी और वरुण बागला ने उनसे कुछ दिन पहले संपर्क किया था। उन्होंने खुद को मिनी फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड का डायरेक्टर बताया था।

उन्होंने आरुषि को कहा कि वह 'आंखों की गुस्ताखियां' फिल्म का निर्माण कर रहे हैं, जिसमें अभिनेत्री शनाया कपूर और विक्रांत मैसी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म में एक अन्य मुख्य रोल दिलाने के नाम पर दोनों ने आरुषि निशंक से 4 करोड़ की रकम ले ली।।a

# शाहरुख को फेल होते देखना चाहते थे इंडस्ट्री के लोग






अनुभव सिन्हा और शाहरुख खान ने एक साथ फिल्म बनाई थी 'रा.वन.' उस वक्त भले ही ये फिल्म पिट गई हो, लेकिन आने वाले समय के साथ 'रा.वन' एक कल्ट फिल्म बन गई थी. इसे वक्त से आगे की फिल्म कहा जाने लगा था. फिल्म की स्टोरीटेलिंग, राइटिंग और कॉन्सेप्ट लोगों को बहुत पसंद आया था. हालांकि फिल्म के एक सीन पर मीम्स भी खूब बने जो कि सुर्खियों में रहे. हाल ही में अनुभव सिन्हा ने द लल्लनटॉप के शो गेस्ट इन द न्यूज रूम में शिरकत की थी, जहां उन्होंने फिल्म से जुड़े कई सवालों के जवाब दिए और तमाम चौंकाने वाले खुलासे भी किए.

बातचीत के दौरान जब एंकर ने उनसे पूछा कि जब रा.वन रिलीज होने वाली थी उस वक्त अनुभव सिन्हा ने लॉस एंजेलिस की फ्लाइट ली और वहां गए. इस पर अनुभव सिन्हा ने कहा, "एलए नहीं दुबई की फ्लाइट ली थी. वो शाहरुख खान हैं न भाई, उसने ऐसा जलवा क्रिएट किया था कि यहां से गए दुबई वहां पर प्रीमियर हुआ. प्रीमियर के बाद एक छोटी सी पार्टी थी उसे करके हम सीधा एयरपोर्ट निकल गए."

अनुभव सिन्हा ने आगे कहा,"दुबई से हम लंदन गए, हम टाइम में उल्टा ट्रेवल कर रहे थे. लंदन में प्रीमियर हुआ, लंदन से निकलकर टोरेंटो गए वहां पर प्रीमियर हुआ. टोरेंटो से लॉस एंजेलिस गए वहां पर प्रीमियर हुआ. फिर लॉस एंजेलिस से शाहरुख निकल गए और मैं वहीं रुक गया." इसके बाद उन्होंने 'रा.वन' के बॉक्स ऑफिस पर बात की. अनुभव सिन्हा ने कहा, "जब फिल्म का दूसरा हफ्ता चल रहा था, उस वक्त तक ये पता चल गया था कि फिल्म वैसी नहीं जाएगी जैसी सोची गई थी. तो मेरी फ्लाइट लंदन से थी, तब मैं सोचा कि मैं एक दिन रुकूंगा और किशोर लुल्ला को मिलकर सवाल पूछूंगा. तब मैं बहुत डिप्रेशन में था. उस वक्त ब्लैक बेरी मैसेज हुआ करते थे, उस पर फिल्म को लेकर अजीब सी बातें हो रही थीं. और मैं जब कह रहा हूं कि कमजोर फिल्म थी तो मैं बतौर निर्देशक कह रहा हूं कि मुझसे वहां क्या कमी रह गई."

अनुभव सिन्हा ने आगे कहा,"बहुत सारे लोग ऐसे हैं जिनको वो फिल्म बहुत पसंद भी है, ये 50-50 का आंकड़ा है. लेकिन एक वो दौर था जब मेरा ऐसा मानना है कि फिल्म इंडस्ट्री के अंदर एक बड़ा तबका ऐसा था, जो शाहरुख को गिरते हुए देखना चाहता था. तो मेरा ऐसा मानना है और मैं काफी समय तक उस इंडस्ट्री में रहा हूं तो मैं उस इंटस्ट्री को बहुत अच्छे से जानता हूं." हालांकि ऐसा पहली बार नहीं है, जब अनुभव सिन्हा ने शाहरुख खान को लेकर ये बात कही हो, वो इससे पहले भी एक बार और किंग खान को लेकर यही खुलासा कर चुके हैं.

# शरवरी वाघ की 'बीच' वाली तस्वीरें इंटरनेट पर वायरल



बॉलीवुड एक्ट्रेस शरवरी वाघ अपनी फिटनेस और टोन्ड फिगर के लिए जानी जाती हैं। उनकी फिटनेस का राज उनका डेडिकेटेड वर्कआउट रूटीन और बैलेंस्ड डाइट है। इनदिनों सोशल मीडिया पर एक्ट्रेस की बीच वाली कई फोटोज इंटरनेट पर छाई है। एक्ट्रेस को बीच पर टायर के साथ वर्कआउट करते हुए देखा जा सकता है। अभिनेत्री शरवरी वाघ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट इंस्टाग्राम पर इमेज को साझा किया है। तस्वीरों के साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, "एक अच्छे बी बीच च वर्कआउट से कभी नहीं थकती।" तस्वीरों में, शरवरी लेगिंग और जूतों के साथ एक काले रंग की क्रॉप टॉप में अपनी टोन्ड बॉडी को फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दे रही हैं। पिछले महीने, अभिनेत्री ने लोकप्रिय फोटोग्राफर सुतेज सिंह पन्नू के साथ मिलकर सुर्खियाँ बटोरीं। दोनों ने मुंबई के प्रतिष्ठित दादर फूल बाजार में तस्वीरें क्लिक कीं। वीडियो में, शरवरी को अपने हाथों में कैमरा लेते हुए स्थानीय विक्रेताओं की प्राकृतिक सेटिंग में तस्वीरें खींचते हुए देखा गया। दिल को छू लेने वाली क्लिप में, फोटोग्राफर सुतेज ने शरवरी से साथ में तस्वीरें लेने के अपने अनुभव के बारे में पूछा और साथ ही स्थानीय लोगों को शॉट्स के लिए पोज देने के तरीके के बारे में भी बताया।

जैसे ही अभिनेत्री जाने के लिए तैयार हुई, सुतेज ने उससे पूछा, "तुमने उनके चेहरों पर मुस्कान ला दी; इससे तुम्हें कैसा महसूस हुआ?" अभिनेत्री ने जवाब देते हुए कहा, "मुझे वाकई बहुत खुशी हुई। ये सच्चे पल बहुत खास होते हैं और उन्हें मुस्कुराने पर मजबूर करना वाकई मेरा दिन बना देता है।"

मोस्ट-अवेटेड फिल्म "अल्फा" में नजर आएंगी शरवरी

वर्कफ्रंट की बात करें तो शरवरी ने आदित्य सरपोतदार की मिस्ट्री थ्रिलर "मुंज्या" में बेला की भूमिका के लिए उन्हें बड़ी प्रशंसा मिली। इस फिल्म में अभय वर्मा और मोना सिंह भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में थे और यह 7 जून, 2024 को रिलीज़ हुई थी।

# रोहित शर्मा का इंग्लैंड के खिलाफ शतक, आलोचकों के लिए सबक

**कटक.**



रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में शानदार शतक लगाया. उनकी इस पारी के दम पर भारत ने वनडे सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली. रोहित ने इस शतक के बाद कुछ ऐसा कहा जो उन पर शक करने वालों के लिए एक सबक की तरह है. रोहित शर्मा ने कटक वनडे में शानदार शतक ठोक टीम इंडिया को कमाल की जीत दिलाई. लंबे समय से खराब फॉर्म में चल रहे रोहित शर्मा ने आखिरकार वो पारी खेली जिसके लिए वो जाने जाते हैं. भारतीय कप्तान ने इंग्लैंड के खिलाफ महज 90 गेंदों में 119 रनों की पारी खेली. इस पारी के दौरान उन्होंने 7 छक्के और 12 चौके लगाए. रोहित का स्ट्राइक रेट 132 से ज्यादा का रहा और उनकी इस शतकीय पारी ने भारत को 305 रनों का लक्ष्य 45वें ओवर से पहले ही चेज़ करा दिया. रोहित अपनी इस पारी के बाद काफी इमोशनल हो गए और उन्होंने बीसीसीआई को दिए इंटरव्यू में अपने आलोचकों और फैंस के लिए काफी बड़ी बातें कह दी.

रोहित शर्मा शतक लगाने के बाद बीसीसीआई के वीडियो में दिखाई दिए. इसमें वो कुछ कहने से पहले थोड़ा रुके. उनकी आंखें नम नजर आ रही थी, वो इमोशनल नजर आ रहे थे. इसके बाद उन्होंने कहा, 'मैं इसी बारे में बात कर रहा था. देखो अगर इतने सालों में किसी खिलाड़ी ने लंबे समय तक क्रिकेट खेला हो, उसने रन बनाए हों तो वो कुछ तो मायने रखता है. मैं इस खेल को लंबे समय से खेल रहा हूं. मैं जानता हूं कि मुझे क्या करना है. मैंने आज वही किया जो मुझे करना था. मेरे दिमाग में सिर्फ अपने तरीके से खेलना था. एक और दो इनिंग मेरे दिमाग को नहीं बदल सकती. ये दिन भी रोज की तरह ही था.' रोहित ने आगे कहा, 'जब भी मैं पिच पर जाता हूं तो मैं अच्छा प्रदर्शन करने की कोशिश करता हूं. कभी अच्छा होता है और कभी नहीं होता. मेरे लिए यही मायने रखता है कि मेरी सोच कितनी साफ है. इसके अलावा मेरे लिए कुछ मायने नहीं रखता.'

रोहित शर्मा पर पिछले काफी वक्त से दबाव था. वो ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बुरी तरह फेल रहे थे. पिछले महीने, जनवरी में ही उन्होंने खराब बल्लेबाजी

की वजह से खुद को प्लेइंग इलेवन से ड्रॉप कर दिया था. वो ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आखिरी टेस्ट नहीं खेले. अब देखिए किस तरह रोहित का वक्त बदला है. देखिए कैसे इस खिलाड़ी ने फॉर्म में वापसी की है. जब इंग्लैंड के खिलाफ पहले मैच में रोहित का बल्ला नहीं चला तो उनपर फिर सवाल खड़े हो रहे थे. लेकिन कटक में रोहित ने सभी को मुंहतोड़ जवाब दिया. टीम इंडिया के लिए अच्छी बात ये है कि भारतीय कप्तान चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फॉर्म में लौट आया है. अब विरोधियों का क्या होगा ये तो सब जानते हैं.

# आयरलैंड की जिम्बाब्वे पर 63 रन से जीत, लगातार दूसरी टेस्ट विजय

**नई दिल्ली.**



कप्तान एंडी मैकब्राइन (नाबाद 90 रन और 66 रन), मार्क अडायर ( पहली पारी में 78 रन) और मैथ्यू हम्फ्रीज ( दूसरी पारी में 6 विकेट) के शानदार प्रयासों की बदौलत आयरलैंड ने बुलवायो में खेले गए एकमात्र टेस्ट मैच में जिम्बाब्वे को 63 रन से हराया। यह जिम्बाब्वे पर आयरिश टीम की लगातार दूसरी टेस्ट जीत है। इससे पहले पिछले साल जुलाई में बेलफास्ट में चार विकेट से जीत हासिल की थी।

जिम्बाब्वे ने सोमवार को कल के स्कोर 183/7 से आगे खेलना शुरू किया। टेस्ट मैच के 5वें और आखिरी दिन सुबह के सत्र में न्याशा मायावो (8) के रूप में जिम्बाब्वे का 8वां विकेट गिरा। उन्हें मैथ्यू हम्फ्रीज ने आउट किया। इसके बाद शतक की ओर बढ़ रहे वेस्ली मैधेवेरे को भी बोल्ड किया। वहीं, जिम्बाब्वे की ब्लेसिंग मुज़ारबानी और रिचर्ड नगारवा आखिरी जोड़ी स्कोर में महज 10 रन ही जोड़ सकी। तभी एंडी मैकब्राइन ने रिचर्ड नगरवा को 14 रन पर बोल्ड कर ना सिर्फ जिम्बाब्वे की दूसरी पारी का अंत किया बल्कि मुकाबले को 63 रन से जीत लिया।

आयरलैंड के लिए मैथ्यू हम्फ्रीज ने दूसरी पारी में 28 ओवर में 57 रन देकर छह विकेट चटकाए, जिसमें 7 मैडन ओवर शामिल है। उनके अलावा बैरी मैकार्थी ने 2 जबकि मार्क अडायर और एंडी मैकब्राइन ने 1-1 विकेट चटकाए।

इससे पहले आयरलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करते हुए एंडी मैकब्राइन और मार्क अडायर के शानदार अर्द्धशतकों से पहली पारी में 260 रन बनाए। जिम्बाब्वे के लिए ब्लेसिंग मुजारबनी ने 7 विकेट, रिचर्ड नगरवा ने 2 जबकि ट्रेवर ग्वांडू ने 1 विकेट झटके। वहीं, निक वेल्च (90) और ब्लेसिंग मुजारबनी (47) के प्रयासों से जिम्बाब्वे ने 267 रन बनाए और 7 रन की महत्वपूर्ण बढ़त बनाई। आयरलैंड के लिए बैरी मैकार्थी ने 4 विकेट, एंडी मैकब्राइन ने 3 विकेट, मार्क अडायर ने 2 विकेट जबकि मैथ्यू हम्फ्रीज ने 1 विकेट चटकाए थे। आयरलैंड ने दूसरी पारी में कप्तान एंडी बालबिर्नी (66 रन) और लोकर्न टकर (58 रन) के अर्द्धशतकों से 298 रन बनाए। इसके साथ ही जिम्बाब्वे को जीत के लिए 292 रन का लक्ष्य दिया। वहीं वेस्ली मैधेवेरे के अर्द्धशतक (84) और ब्रायन बेनेट के प्रयासों के बावजूद जिम्बाब्वे 228 रन पर ऑलआउट हो गई। इस तरह आयरलैंड ने जिम्बाब्वे से 63 रन से मुकाबला जीत लिया।

# इंग्लैंड को चैंपियंस ट्रॉफी से पहले बड़ा झटका, जैकब बेथल चोटिल

**नई दिल्ली.**



चैंपियंस ट्रॉफी से पहले इंग्लैंड की टीम को एक बड़ा झटका लगा है. उसके बाएं हाथ के विस्फोटक बल्लेबाज जैकब बेथेल टीम से बाहर हो गए हैं. उनकी जगह टॉम बैंटन को मौका मिला है, जो हाल ही में दुबई में हुई इंटरनेशनल लीग टी20 में खेल रहे थे. चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आगाज 19 फरवरी से होने वाला है और उससे पहले कई खिलाड़ी चोट के चलते बाहर हो चुके हैं. चोटिल खिलाड़ियों की फेहरिस्त में अब एक और नाम जुड़ गया है. बात हो रही है जैकब बेथल की जो चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो चुके हैं. इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने इसकी पुष्टि की. बटलर ने बताया कि जैकब बेथल को हैमस्ट्रिंग इंजरी हुई है और वो चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेलेंगे. बेथल दूसरे वनडे मैच में भी नहीं खेले थे और इस मैच में इंग्लैंड की हार के बाद ये खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी से भी बाहर हो गया. चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टॉम बैंटन की इंग्लिश टीम में वापसी हुई है. ये खिलाड़ी हाल ही में दुबई में आईएलटी20 में खेल रहा था, जहां उनके बल्ले से दो शतक निकले.

जैकब बेथल की जगह इंग्लैंड की टीम में शामिल होने वाले टॉम बैंटन भी दमदार बल्लेबाज हैं. दाएं हाथ का ये बल्लेबाज हाल ही में दुबई में काफी क्रिकेट खेला है. वो मुंबई इंडियंस एमिरेट्स के लिए इंटरनेशनल लीग टी20 में खेले, जहां उन्होंने 54.77 की धमाकेदार औसत से 493 रन ठोके. उनके बल्ले से 2 शतक और 3 अर्धशतक निकले. इस खिलाड़ी ने 21 छक्के लगाए.

चैंपियंस ट्रॉफी से अबतक कुल 8 बड़े खिलाड़ी बाहर हो चुके हैं. पाकिस्तान के सैम अय्यूब चोट के चलते टूर्नामेंट में नहीं खेल पाएंगे. साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्खिया और जेराल्ड कोट्जिया भी टूर्नामेंट से बाहर हैं. उनके अलावा ऑस्ट्रेलिया के भी 2 दिग्गज बाहर हैं. जॉश हेजलवुड और कप्तान पैट कमिंस भी चैंपियंस ट्रॉफी नहीं खेलेंगे. इन दोनों के अलावा मार्कस स्टोयनिस ने अचानक वनडे फॉर्मेट को अलविदा कह दिया.

# बौद्धिक दिव्यांग एथलीटों को नकद पुरस्कार

**नई दिल्ली.**

स्पेशल ओलंपिक भारत (एसओ भारत) की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने विश्व खेलों में पदक जीतने वाले बौद्धिक दिव्यांग एथलीटों के लिए नकद पुरस्कार आवंटित करने के युवा मामले और खेल मंत्रालय (एमवाईएएस) के फैसले का स्वागत किया।डॉ. नड्डा ने युवा मामले एवं खेल मंत्रालय को धन्यवाद देते हुए कहा, "यह भारतीय खेल संस्कृति को और अधिक समावेशी बनाने की दिशा में एक आवश्यक कदम है। ये पुरस्कार न केवल एथलीटों को उनके वित्तीय मामलों में मदद करने का एक तरीका है, बल्कि एक प्रेरणा उपकरण के रूप में भी काम करते हैं, जो बौद्धिक और विकासात्मक दिव्यांग एथलीटों को खेल जगत का हिस्सा बनने और अपने जीवन को फिर से परिभाषित करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

# बुमराह की चैंपियंस ट्रॉफी में भागीदारी पर संशय

**नई दिल्ली.**

टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिरी मैच के दौरान चोट लगी थी. ऐसे में वह चैंपियंस ट्रॉफी में खेल पाएंगे या नहीं ये अभी तक तय नहीं हुआ है.

इसी बीच बुमराह को लेकर एक बड़ा अपडेट सामने आया है. चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज 19 फरवरी से होने जा रहा है. लेकिन टीम इंडिया के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह इस टूर्नामेंट में खेल पाएंगे या नहीं इसका अभी तक फैसला नहीं हुआ है. बता दें, बुमराह को 18 जनवरी को घोषित की गई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया था. लेकिन जसप्रीत बुमराह को ऑस्ट्रेलिया दौरे के आखिरी मैच के दौरान चोट लगी थी, इसके बाद उन्हें आराम करने की सलाह मिली थी. ऐसे में बीसीसीआई अब जल्द ही बुमराह पर बड़ा फैसला लेने वाली है.

बीसीसीआई चैंपियंस ट्रॉफी में जसप्रीत बुमराह की भागीदारी पर आखिरी फैसला आज लेगी, क्योंकि उनकी फिटनेस को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है. आईसीसी को टीम सौंपने की ये आखिरी तारीख भी है. बुमराह ने हाल ही में बेंगलुरु में बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपनी पीठ का स्कैन कराया है. ऐसे में अब जल्द ही बीसीसीआई का मेडिकल स्टाफ सेलेक्टर्स और भारतीय टीम मैनेजमेंट को रिपोर्ट सौंपेगी, इसके बाद जसप्रीत बुमराह की भागीदारी पर फैसला आएगा.

# लीजेंड 90 लीग में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स के बल्लेबाज की धमाकेदार पारी

**नई दिल्ली.**



लीजेंड 90 लीग के 8वें मैच में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स और बिग बॉयज यूनिकारी की टीमों का आमना-सामना हुआ. इस मुकाबले में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स के एक बल्लेबाज ने करिश्माई पारी खेली और 300 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से 160 रन बना दिए. जिसमें 12 चौके और 16 छक्के शामिल रहे. रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेली जा रही लीजेंड 90 लीग में क्रिकेट फैंस को एक से बढ़कर एक मैच देखने को मिल रहे हैं. इस लीग का फॉर्मेट काफी अलग है, इसमें केवल 15-15 ओवर के मैच होते हैं. लीग के 8वें मैच में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स और बिग बॉयज यूनिकारी की टीमों का आमना-सामना हुआ. इस मुकाबले में 38 साल के एक खिलाड़ी ने विस्फोटक पारी खेली. इस खिलाड़ी ने 300 से ज्यादा की स्ट्राइक रेट से 160 रन बनाए और टीम को एक बड़े स्कोर तक पहुंचाया.

लीजेंड 90 लीग में इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायर हो चुके खिलाड़ी और भारतीय घरेलू क्रिकेटर खेल रहे हैं. लीग के 8वें मैच में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स के ओपनर मार्टिन गप्टिल ने एक करिश्माई पारी खेली. उन्होंने हर एक गेंदबाजी की क्लास लगाई और मैदान के चारों ओर रन बनाए. मार्टिन गप्टिल ने इस मैच में सिर्फ 49 गेंदों का सामना किया और 326.53 की स्ट्राइक रेट से 160 रन बनाए. मार्टिन गप्टिल की इस पारी में 12 चौके और 16 छक्के रहे. मार्टिन गप्टिल ने अपनी इस पारी से फैंस की पुरानी यादों को भी ताजा कर दिया. वह न्यूजीलैंड के लिए भी इंटरनेशनल क्रिकेट में ऐसी ही बल्लेबाजी किया करते थे.मार्टिन गप्टिल की इस दमदार पारी के चलते छत्तीसगढ़ वॉरियर्स की टीम इस मुकाबले में एक बड़ा स्कोर बनाने में कामयाब रही. छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने 15 ओवर मे बिना कोई विकेट गंवाए 240 रन बनाए, जो इस लीग का अभी तक का सबसे बड़ा स्कोर भी है. इस दौरान ऋषि धवन ने भी मार्टिन गप्टिल का पूरा साथ दिया. ऋषि धवन ने 42 गेंदों पर 76 रनों की पारी खेली. इस दौरान उन्होंने 180.95 की स्ट्राइक रेट से 7 चौके और 4 छक्के जड़े. दूसरी ओर बिग बॉयज यूनिकारी की टीम ने पारी में कुल 6 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया, लेकिन कोई भी विकेट नहीं ले सका.

बिग बॉयज यूनिकारी की टीम को इस मैच में जीत के लिए 241 रनों का टारगेट चेज करना था. लेकिन बिग बॉयज यूनिकारी की टीम इस बड़े टारगेट को हासिल नहीं कर सकी. उन्होंने 41 रन पर ही अपने दोनों ओपनर गंवा दिए. इसके बाद 70 रन तक पहुंचते-पहुंचते 2 ओवर खिलाड़ी पवेलियन लौट गए. हालांकि रॉबिन बिस्ट ने अर्धशतक जरूर लगाया, लेकिन ये जीत के लिए काफी नहीं था. बिग बॉयज यूनिकारी की टीम 15 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 151 रन बना सकी, जिसके चलते छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने 89 रनों से ये मैच अपने नाम किया.

# विलियमसन के शतक से न्यूजीलैंड की साउथ अफ्रीका पर शानदार जीत

**लाहौर.**



ट्राई सीरीज के दूसरे मुकाबले में साउथ अफ्रीका के डेब्यूटेंट मैथ्यू ब्रीत्ज़के ने 150 रनों की रिकॉर्ड पारी खेली. लेकिन उनकी पारी पर न्यूजीलैंड के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमनस के 133 रन भारी पड़ गए. केन के शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने साउथ अफ्रीका को 6 विकेट से हरा दिया. ट्राई सीरीज के दूसरे मैच में न्यूजीलैंड और साउथ अफ्रीका का आमना-सामान हुआ. इस मैच में साउथ अफ्रीका ने 300 से ज्यादा का स्कोर खड़ा किया. इसके बावजूद न्यूजीलैंड की टीम ने उसे मात दे दी. लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में खेले गए मैच में न्यूजीलैंड ने 8 गेंद रहते 6 विकेट से शानदार जीत हासिल की. न्यूजीलैंड के लिए दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने नाबाद शतकीय पारी खेली. जबकि साउथ अफ्रीका के लिए मैथ्यू ब्रीत्ज़के ने वनडे डेब्यू में ही 150 रन ठोक दिए.

कॉनवे-विलियमसन के बीच हुई 187 रनों की पार्टनरशिप

पहले बल्लेबाजी करते हुए साउथ अफ्रीका ने 6 विकेट खोकर 304 रनों का स्कोर खड़ा किया था. 305 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम को अच्छी शुरुआत मिली. डेवोन कॉनवे और विल यंग के बीच 50 रनों की साझेदारी हुई. इस स्कोर पर यंग 19 रन बनाकर आउट हो गए. इसके बाद केन विलियमसन और कॉनवे के बीच 187 रनों की रिकॉर्ड पार्टनरशिप हुई. कॉनवे ने 107 गेंदों में 9 चौकों और एक छक्के की मदद से 97 रन बनाए.

विलियमसन ने ठोका शतक, कोहली को इस मामले में पछाड़ा

विलियमसन कॉनवे से भी एक कदम आगे निकल गए. उन्होंने 113 गेंदों में 133 रनों की तेज तर्रार पारी खेली. इस रिकॉर्ड पारी में केन ने 13 चौके और दो छक्के लगाए. केन का ये वनडे में 14वां शतक है. उन्होंने अपने 7 हजार वनडे रन भी पूरे कर लिए हैं.

सबसे तेज 7 हजार वनडे रनों के मामले में केन ने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ दिया है. विलियमसन ने ये कारनामा 159वीं पारी में किया. जबकि कोहली ने 7 हजार वनडे रन 161 पारियों में पूरे किए थे. इस मामले में साउथ अफ्रीका के हाशिम अमला नंबर वन हैं. उन्होंने ये रिकॉर्ड 150 पारियों में बनाया था. चाहे साउथ अफ्रीका ये मैच हार गई लेकिन पहला ही वनडे खेल रहे मैथ्यू ब्रीत्ज़के ने हर किसी का दिल जीत लिया. उन्होंने 5 छक्कों और 11 चौकों की मदद से 148 गेंदों में 150 रन बनाए. मैथ्यू अब डेब्यू वनडे में सबसे ज्यादा स्कोर करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं. उनसे पहले ये रिकॉर्ड डेसमंड हेन्स के नाम था जिन्होंने 1978 में अपने पहले वनडे में 148 रनों की पारी खेली थी.

# भारत-पाकिस्तान का हाई वोल्टेज मैच, अंपायरिंग पैनल का हुआ ऐलान



**नई दिल्ली.**

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में भारत और पाकिस्तान की टीमों का आमना-सामना 23 मार्च को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में होगा. इस मुकाबले के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने अंपायरिंग पैनल का ऐलान कर दिया है.आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरुआत 19 फरवरी से कराची में होगी. वहीं, फाइनल 9 मार्च को खेला जाएगा. लेकिन बीसीसीआई ने भारतीय क्रिकेट टीम को पाकिस्तान भेजने से मना कर दिया था, जिसके बाद इस टूर्नामेंट को हाइब्रिड मॉडल पर करवाने का फैसला किया गया. ऐसे में टीम इंडिया अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी. इस दौरान उसका सामना पाकिस्तान से भी होगा. चैंपियंस ट्रॉफी में भारत-पाकिस्तान के बीच ये हाई वोल्टेज मैच 23 मार्च को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा. इस मैच में अंपायरिंग कौन करेगा, इसका फैसला हो गया है.

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले के लिए पॉल रीफेल और रिचर्ड इलिंगवर्थ को मैदानी अंपायर नियुक्त किया है.

वहीं, माइकल गॉफ टीवी अंपायर होंगे. दूसरी ओर एड्रियन होल्डस्टॉक चौथे अंपायर होंगे और डेविड बून मैच रेफरी की भूमिका निभाएंगे. बता दें, इन सभी अंपायर्स के पास अंपायरिंग का काफी अनुभव है, ऐसे में आईसीसी ने बड़े मैच को देखते हुए इन दिग्गजों को ये जिम्मेदारी सौंपी है.

दूसरी ओर, पॉल रीफेल और एड्रियन होल्डस्टॉक 20 फरवरी को दुबई में भारत-बांग्लादेश मैच के लिए मैदानी अंपायर होंगे. रिचर्ड इलिंगवर्थ टीवी अंपायर, माइकल गॉफ चौथे अंपायर और बून मैच रेफरी की भूमिका निभाएंगे. वहीं, माइकल गॉफ और रिचर्ड इलिंगवर्थ 2 मार्च को दुबई में होने वाले भारत-न्यूजीलैंड मैच के लिए मैदानी अंपायर की जिम्मेदारी मिली है, जबकि होल्डस्टॉक टीवी अंपायर, रीफेल चौथे अंपायर और बून मैच रेफरी होंगे.

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत और पाकिस्तान की टीमें एक दूसरे से अभी तक पांच बार भिड़ चुकी हैं. इस दौरान पाकिस्तान ने 3 मैच जीते हैं और टीम इंडिया ने 2 मैचों में बाजी मारी है. पिछली बार साल 2017 में इस टूर्नामेंट का फाइनल मैच इन दोनों टीमों के बीच ही खेला गया था. तब पाकिस्तान ने भारतीय टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया था. ऐसे में इस बार टीम इंडिया की नजर हार का बदला लेने पर रहने वाली है.

# प्रयागराज में महाभीड़ से बिगड़ी ट्रैफिक व्यवस्था

**प्रयागराज.**



प्रयागराज में महाकुंभ में स्नान करने के लिए हर दिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है, जिसकी वजह से पूरा शहर जाम हो गया है। रविवार से महाभीड़ का आलम यह है कि 20 मिनट का रास्ता तय करने के लिए लोग कई घंटे तक जाम में फंसे रहे। प्रयागराज में रविवार को महाकुंभ मेले के सभी मार्गों पर कई किलोमीटर तक यातायात बाधित रहा। भीड़ का आलम यह रहा कि प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन को बंद कर दिया गया। मेला प्रशासन द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, 13 जनवरी से नौ फरवरी तक 43.57 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। यातायात के एडीसीपी कुलदीप सिंह ने कहा कि, "वाहनों की संख्या बहुत अधिक है और यात्री इस कोशिश में हैं कि वे जल्द से जल्द पहुंचने के लिए नजदीक से नजदीक आएं। इसकी वजह से लंबा जाम लग रहा है और इस भीड़ की वजह से हमें मौनी अमावस्या वाली व्यवस्था लागू करनी पड़ रही है। उन्होंने कहा, मौनी अमावस्या पर जितनी भीड़ आई थी, लगभग उतनी ही भीड़ अब आ रही है। दूर की पार्किंग 50 प्रतिशत भर गई है। नजदीक वाली पार्किंग छोटी पार्किंग है, जबकि दूर वाली पार्किंग बड़ी है, फिर भी वाहन कतार में लगे हैं।

**इस बार बहुत ज्यादा लोग आ रहे हैं :** उन्होंने बताया कि आईईआरटी और बघाड़ा पार्किंग (मेला क्षेत्र के नजदीक) की क्षमता चार से पांच हजार वाहनों को खड़े करने की है, जबकि दूर की पार्किंग जैसे नेहरू पार्क और बेला कछार की पार्किंग में 20-25 हजार वाहन आ सकते हैं। स्नान पर्व पर स्थानीय लोगों के वाहन नहीं चलते हैं, लेकिन अभी सभी तरह के वाहन चल रहे हैं। सिंह ने कहा कि पिछले (2019) कुंभ में खासकर सामान्य दिनों में इतनी भीड़ नहीं आई थी लेकिन इस बार सामान्य दिनों में इतनी अधिक भीड़ आ रही है। उन्होंने ये भी कहा कि अगले कुछ दिनों तक श्रद्धालुओं की भीड़ कम होने के आसार नहीं दिखते।

# गाजा पर ट्रंप के कब्जे की योजना से सहयोगी देश भी हैरान

> मिस्र ने बुलाया आपातकालीन अरब शिखर सम्मेलन

**काहिरा.**

इजरायल-हमास के बीच गाजा में चल रहे युद्ध विराम के दौरान डोनाल्ड ट्रंप ने अपने एक ऐलान से सबको चौंका दिया है। ट्रंप ने गाजा पर कब्जा करने की इच्छा जाहिर कर दी है। इससे अमेरिका के सहयोगी देशों समेत फिलिस्तीन के समर्थक भी नाराज हो गए हैं। ट्रंप के ऐसे इरादे को जानने के बाद फिलिस्तीन के पड़ोसी देश मिस्र ने गाजा पर आपातकालीन अरब शिखर सम्मेलन बुला लिया है। इसमें सब देश मिलकर ट्रंप की गाजा पर कब्जे की योजना का विरोध कर सकते हैं।

बता दें कि मिस्र ने रविवार को घोषणा की कि वह 27 फरवरी को एक आपातकालीन अरब शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा गाजा पट्टी से फिलिस्तीनियों को कहीं और बसाने के प्रस्ताव के बाद "नए और खतरनाक घटनाक्रम" पर चर्चा की जाएगी। पिछले सप्ताह इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ व्हाइट हाउस में हुई बैठक में ट्रंप द्वारा दिए गए सुझाव से मिस्र, जॉर्डन और सऊदी अरब सहित अरब जगत नाराज हो गया, जो वाशिंगटन के प्रमुख सहयोगी हैं।

### मिस्र ने ट्रंप के आह्वान को किया खारिज

मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी और जॉर्डन के राजा अब्दुल्ला द्वितीय दोनों ने गाजा में 18 लाख फिलिस्तीनियों को कहीं और बसाने और अमेरिका द्वारा उस क्षेत्र का स्वामित्व लेने के ट्रंप के आह्वान को खारिज कर दिया, लेकिन ट्रंप का दावा है कि वे अंततः इसे स्वीकार कर लेंगे। मिस्र के विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि वह हाल के दिनों में अरब देशों में उच्चतम स्तर पर हुई वार्ता के बाद काहिरा में अरब लीग शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, जिसमें "फिलिस्तीन राज्य भी शामिल है, जिसने फिलिस्तीनी मुद्दे के लिए नए और खतरनाक घटनाक्रमों पर चर्चा करने के लिए शिखर सम्मेलन आयोजित करने का अनुरोध किया था।"



# यूपी की योगी सरकार ने पीएम आवास योजना के बदले नियम

**लखनऊ.**



उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने सरकारी योजना के तहत मिलने आवास के नियमों में बड़ा बदलाव किया है जिसके तहत यूपी में प्रधानमंत्री आवास योजन (ग्रामीण) और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के नियमों में बड़ा बदलाव का ऐलान किया गया है। अब आवास केवल महिला मुखिया के नाम पर ही स्वीकृत किए जाएंगे। यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने इसका ऐलान किया है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण एवं मिशन शक्ति अभियान को ध्यान में रखते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं।

डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा है कि अपरिहार्य स्थिति को छोड़कर प्रधानमंत्री आवास योजना -ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना- ग्रामीण के तहत दिये जाने वाले आवास केवल महिला मुखिया के नाम ही स्वीकृत किये जाएंगे और साथ ही पुरुष मुखिया के नाम स्वीकृत आवासों को महिला मुखिया का नाम अनिवार्य रूप से जोड़ा जाएगा।

मौर्य ने कहा है कि अपरिहार्य स्थिति को छोड़कर प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत पक्के आवास केवल महिला मुखिया के नाम ही स्वीकृत किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि महिला मुखिया के नाम आवास स्वीकृत किये जाने के पीछे उद्देश्य यह है कि उनके भीतर स्वामित्व का भाव आये तथा महिलाएं समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकें। इसके तहत अब पुरुष के नाम स्वीकृत आवास में भी महिला मुखिया का नाम अनिवार्य रूप से जोड़ा जाएगा।

**विभाग की तरफ से दिया गया आवंटित घरों का ब्यौरा :** ग्राम्य विकास विभाग ने जानकारी दी है कि, वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत महिला मुखिया के नाम स्वीकृत आवास 40.14 प्रतिशत है तथा पति-पत्नी के संयुक्त नाम से स्वीकृत आवास का प्रतिशत 51.74 हैं। इस तरह कुल 91.87 प्रतिशत आवास महिला मुखिया अथवा पति-पत्नी दोनो के संयुक्त नाम से स्वीकृत किये गये हैं। वहीं, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत 29.25 प्रतिशत आवास महिला मुखिया तथा 37.78 प्रतिशत आवास पति-पत्नी दोनों के संयुक्त नाम से स्वीकृत किये गये हैं। इस तरह कुल 67.03 प्रतिशत आवास महिला मुखिया अथवा पति-पत्नी दोनों के संयुक्त नाम से स्वीकृत किये गये हैं।

# भगवंत मान को हटाकर सीएम बनना चाहते हैं अरविंद केजरीवाल



**नई दिल्ली.**

दिल्ली विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को करारी हार मिली है। चुनावी हार के बाद आप के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल कल पंजाब विधायकों के साथ दिल्ली में बैठक करने वाले हैं। इस पर दिल्ली राजौरी गार्डन से बीजेपी के विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। बीजेपी विधायक सिरसा ने अरविंद केजरीवाल पर कई गंभीर आरोप लगाते हुए के बड़ा दावा भी किया है।

**भगवंत मान को सीएम पद से हटाने की कोशिश :** बीजेपी विधायक मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि चुनाव हारने के बाद अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में पंजाब के विधायकों की बैठक बुलाई है। रिपोर्ट्स बताती हैं कि वे भगवंत मान को अयोग्य बताकर उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाने की कोशिश कर रहे हैं।

**आज दिल्ली के कपूरथला हाउस में बैठक :** अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के सभी आप विधायकों को कल दिल्ली तलब किया है। वह दिल्ली के कपूरथला हाउस में पंजाब के सभी आम आदमी पार्टी के विधायकों के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान दिल्ली में मिली चुनावी हार और पंजाब में आगे कैसे सरकार चलाई जाए, इस पर चर्चा कर सकते हैं।

# जेडीयू विधायक के कार्यक्रम में हंगामा

**मुजफ्फरपुर.**



बिहार के मुजफ्फरपुर में जदयू विधायक के कार्यक्रम में जमकर हंगामा हुआ। पहले जदयू विधायक अशोक चौधरी के साथ धक्का मुक्की हुई फिर विधायक के साथ धक्का मुक्की करने वाले युवक की अंगरक्षक और ग्रामीणों ने पिटाई कर दी। पिटाई का वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में लोग धक्का-मुक्की करने वाले युवक को पीटते नजर आ रहे हैं। पिटाई के बाद युवक लहूलुहान हो जाता है। मामला सकरा विधानसभा क्षेत्र के बाजितपुर अशोक गांव का है। यहां विधायक अशोक चौधरी पर कुंदन राम ने हमला कर दिया। इसके बाद विधायक के समर्थक और अंगरक्षक ने कुंदन राम को पकड़कर जमकर पिटा। विधायक के साथ धक्का-मुक्की करने वाले युवक को विधायक के समर्थकों ने लात-घूंसे और कुर्सियों से पीटा। इस वजह से कुछ समय के लिए पूरे कार्यक्रम में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। धक्का-मुक्की के बीच लोगों ने किसी तरह विधायक को संभाला। विधायक के अंगरक्षक ने दौड़कर युवक को पकड़ लिया और जमकर पीटा।

**मंदिर निर्माण में चंदा देने पहुंचे थे विधायक :** जदयू विधायक अशोक चौधरी एक मंदिर निर्माण में चंदा देने बाजितपुर अशोक गांव पहुंचे थे और उसके बाद ग्रामीणों ने सम्मान समारोह का आयोजन किया था। विधायक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान वहां एक युवक पहुंचा और जमकर बवाल काटने लगा। युवक ने पहले विरोध शुरू किया फिर मंच पर पहुंचकर विधायक के साथ मारपीट का प्रयास किया और बदसलूकी की। आरोपी ने जदयू विधायक के साथ धक्का-मुक्की भी की। कुछ समय के लिए अफरा-तफरी मच गई। मंच पर चढ़कर विधायक से मारपीट का प्रयास कर रहे आरोपी युवक को कार्यकर्ताओं ने पकड़ लिया और जमकर पीटा।

बरियारपुर थाना पुलिस ने मौके से एक युवक को गिरफ्तार किया है। उसका पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। हथियार के बल पर लूट को अंजाम देने के मामले में वह जेल जा चुका है। हाल ही में वह जेल से जमानत पर छूटा था। ग्रामीण एसपी विद्या सागर ने बताया कि विधायक के साथ बदसलूकी करने वाले युवक कुंदन राम को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह नशे में था। नशे में हमला करने वाले युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे जेल भेजा जाएगा।

# डांस करते समय लड़की की मौत

**विदिशा.**

> कजिन सिस्टर के शादी समारोह की घटना



मध्य प्रदेश के विदिशा से एक चौंकाने वाला वीडियो सामने आया है। यहां एक लड़की की डांस करते समय मौत हो गई है। वीडियो में देखा जा सकता है कि लड़की एक बॉलीवुड गाने पर डांस कर रही होती है, अचानक वह डांस करते समय स्टेज पर ही गिरती है और उसकी मौत हो जाती है। मिली जानकारी के मुताबिक, लड़की करीब 1.5 मिनट से डांस कर रही थी और अचानक उसकी मौत हो गई। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि लड़की की मौत हार्ट अटैक से हुई है। दरअसल विदिशा मगधम रिसॉर्ट में शादी के महिला संगीत के दौरान डांस करते हुए समय अचानक से एक लड़की स्टेज पर ही गिर गई। इसके बाद वह उठ ही नहीं सकी। जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि लड़की का नाम परिणीता जैन था और वह इंदौर की रहने वाली थी।परिणीता विदिशा में अपनी कजन सिस्टर की शादी समारोह में शामिल होने आई थी। आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत हार्ट अटैक से हुई है। बता दें कि बीते कुछ समय से चलते-फिरते अचानक से हार्ट अटैक की वजह से बड़ी संख्या में मौत होने के मामले सामने आए हैं। नाचते-नाचते अचानक गिरा, फिर मौत आ जाना काफी चिंता का विषय बन गया है। अब विदिशा के मगधम रिसॉर्ट में एक शादी की खुशियां अचानक मातम में बदल गई है। ये समारोह शादी में महिला संगीत का था, जिसमें नाचते-नाचते अचानक से एक महिला गिरी और बेहोश हो गई। पहले तो लोगों को कुछ समझ नहीं आया, जब कुछ देर तक उसके शरीर में कोई हलचल नहीं हुई तो तुरंत वहां पर मौजूद लोग उसे अस्पताल ले गए। लेकिन डॉक्टरों ने जब लड़की को मृत घोषित किया तो परिजनों के होश उड़ गए और पूरे परिवार में चीख पुकार मच गई।

# लाड़ली बहना योजना और किसान कल्याण योजना का पैसा ट्रांसफर करेंगे

**भोपाल.**



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सोमवार (10 फरवरी) को लाडली बहनों के खाते में पैसे ट्रांसफर करेंगे। 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में पैसे भेजे जाएंगे। सीएम मोहन यादव सोमवार को देवास जिले की सोनकच्छ तहसील के ग्राम पीपलरावां में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी कार्यक्रम के बीच वह मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और किसान कल्याण योजना के हितग्राहियों के खातों में पैसे ट्रांसफर करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हितग्राहियों से संवाद कर योजना के लाभ की जानकारी भी लेंगे। वह एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1553 करोड़ रुपये ट्रांसफर करेंगे। इसके साथ ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख हितग्राहियों के खाते में 337 करोड़ रुपये ट्रांसफर करेंगे। मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के 81 लाख हितग्राही किसानों के खाते में 1624 करोड़ रुपये ट्रांसफर करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 144 करोड़ के 53 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी करेंगे। इसमें 102 करोड़ रुपये के 37 विकास कार्यों का लोकार्पण एवं 42 करोड़ रुपये के 16 विकास कार्यों का शिलान्यास शामिल है।

# बीच हवा में लटका हाईवा ट्रक

> केबिन के अंदर फंसा ड्राइवर

> पुल से टकराने के बाद हुआ हादसा

**रेढाखोल.**



ओड़िशा के रेढाखोल-बौध रोड पर सोमवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ। जंहा बालू से भरा एक हाईवा ट्रक पुल की दीवार से टकराकर पलट गया और नीचे की ओर जा लटका। ट्रक का आधे से ज्यादा हिस्सा पुल के बाहर लटकते हुए देखा गया। इस भयानक हादसे में ट्रक ड्राइवर अंदर ही फंस गया। ट्रक ड्राइवर की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह दर्दनाक घटना कंधारा गांव के पास हुई, जहां ड्राइवर का ट्रक से नियंत्रण खो गया और ट्रक पहले पुल की रेलिंग से जा टकराया फिर पलटकर नीचे खाई में गिर गया लेकिन ट्रक पूरी तरह से नीचे नहीं गिरा और वह बीच हवा में ही लटका रह गया। दुर्भाग्य से ट्रक ड्राइवर ट्रक के केबिन के अंदर ही फंसा रह गया और खुद को बाहर नहीं निकाल पाया।

**ड्राइवर को बचाने में लगी पुलिस:** घटना की सूचना मिलते ही रेढाखोल पुलिस और दमकल विभाग मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मी गैस कटर की मदद से ट्रक के फंसे हुए चालक को निकालने की कोशिश कर रहे हैं। उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है, जिससे बचाव कार्य में तेजी लाई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और शुरुआती अनुमान के मुताबिक तेज रफ्तार और ट्रक का संतुलन बिगड़ना इस हादसे की मुख्य वजह हो सकती है। फिलहाल, फंसे हुए चालक को बचाने के लिए राहत कार्य जारी है।

# दिल्ली में 'आप' के 15 उम्मीदवारों ने 'धनुष-बाण' मांगा था चुनाव चिह्न

**मुंबई.**

दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने रविवार को बड़ा दावा किया। एकनाथ शिंदे ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए आम आदमी पार्टी के 15 उम्मीदवारों ने उनसे उनकी पार्टी का चुनाव चिह्न मांगा था, लेकिन उन्होंने 'युति धर्म' के कारण मना कर दिया।

आप के 15 उम्मीदवारों ने शिंदे से किया संपर्क

शिंदे ने कहा, 'आम आदमी पार्टी के कुल 15 उम्मीदवारों ने मुझसे संपर्क किया था। मुझे लगा कि अगर 'धनुष और बाण' चुनाव चिह्न उन्हें मिल गया तो वोट बीजेपी और शिवसेना के बीच बंट जाएंगे, जिससे अन्य दलों को फायदा होगा। इसलिए मैंने मना कर दिया।' शिवसेना प्रमुख ने कहा कि उन्हें युति धर्म (गठबंधन के प्रति प्रतिबद्धता) का सम्मान करना था।




महाराष्ट्र में बीजेपी की सहयोगी पार्टी है शिवसेना बता दें कि महाराष्ट्र की महायुति गठबंधन सरकार में शामिल शिवसेना, दिल्ली विधानसभा चुनाव जीतने वाली भारतीय जनता पार्टी (BJP) की सहयोगी है। शिंदे का रविवार को जन्मदिन था और वह 61 साल के हो गए हैं। उन्होंने ठाणे शहर में एक कार्यक्रम में कहा, 'मैंने अपने सांसदों से दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने को कहा था।'

# हज यात्रा को लेकर सऊदी अरब का बड़ा ऐलान

> शुरू हो गया है रजिस्ट्रेशन

**सऊदी अरब.**



सऊदी अरब ने हज को लेकर बड़ा ऐलान किया है। इस बार हज यात्री अपने साथ बच्चों को नहीं ले जा पाएंगे। हज और उमराह मंत्रालय ने यह आदेश जारी किया है। सऊदी अरब की तरफ से कहा गया है कि हज और उमराह के दौरान भारी भीड़ होती है। ऐसे में बच्चों के लिए बहुत खतरा रहता है। उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया गया है। सरकार ने यह भी कहा कि उन लोगों को हज यात्रा की इजाजत पहले दी जाएगी जो पहली बार हज करने जा रहे हैं। सऊदी के नागरिकों के लिए हज यात्रा का रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया गया है।

नुसुक ऐप और आधिकारिक ऑनलाइन पोर्टल के जरिए हज का रजिस्ट्रेशन करवाया जा सकता है। यात्रियों को अपनी जानकारी को वेरिफाई करना होगा। इसके अलावा छूट के लिए भी आवेदन करना होगा। नुसुक ऐप पर हज का पैकेज भी उपलब्ध है। यात्री अपना पसंदीदा पैकेज ले सकते हैं। इसके लिए ई वॉलेट का इस्तेमाल किया जा सकता है।

**सऊदी के यात्रियों के लिए खास सुविधा :** सऊदी अरब के स्थानीय नागरिकों के लिए एक और सुविधा का ऐलान किया गया है। यहां के लोग हज पैकेज का भुगतान तीन किश्तों में कर सकते हैं। पहली किस्त में 20 फीसदी रकम का भुगतान करना होगा। बुकिंग के 72 घंटे के अंदर इसका भुगतान करना होगा। वहीं दूसरी और तीसरी किस्त 40-40 फीसदी की होगी। वहीं मंत्रालय ने कहा है कि फाइनल भुगतान होने तक बुकिंग कन्फर्म नहीं मानी जाएगी। हर बार भुगतान करने पर उसकी रसीद जारी की जाएगी।

**वीजा नियम में भी हुआ है बदलाव :** बता दें कि इस बार सऊदी अरब ने वीजा नियमों में भी बदलाव किया है जिसका असर भारत पर भी पड़ेगा। भारत समेत 14 देशों से आने वाले लोगों को किंगडम में प्रवेश के लिए सिंगल एंट्री वीजा मिलेगा। अनाधिकृत रूप से हज यात्रा पर प्रतिबंध लगाने के लिए यह नियम लगाया गया है। दरअसल मल्टिपल एंट्री वीजा वाले लोग अनाधिकृत रूप से हज यात्रा करने लगते हैं। ऐसे में भीड़ बहुत हो जाती है और प्रबंधन मुश्किल हो जाता है। सिंगल एंट्री वीजा से किसी देश में एक बार ही प्रवेश किया जा सकता है। वहीं लॉन्ग टर्म वीजा वाले लोग एक ही देश में कई बार आ-जा सकते हैं।

# कार सवार युवक ने पॉवर लिफ्टर को मारी 5 गोलियां

> रास्ते से बाइक हटाने को लेकर हुआ था विवाद

**सोनीपत.**





हरियाणा के सोनीपत जिले में दिनदहाड़े एक युवक की रविवार को हत्या कर दी गई। युवक की हत्या से इलाके में सनसनी फैल गई। सोनीपत के प्रगति नगर में वंश नाम के युवक पर आपसी रंजिश में पांच गोलियां चलाई गईं। गोलियों से भूनकर मारा गया मृतक युवक राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में सिल्वर और गोल्ड मेडल जीता है।

**छानबीन में जुटी पुलिस :** पुलिस की जांच में पता चला कि कुलदीप नाम के शख्स ने वंश को आपसी रंजिश में गोलियों से भूनकर मौत के घाट उतारा है। वारदात की सूचना मिलने के बाद सोनीपत सिटी थाना पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीमें मौके पर पहुंचीं। इस मामले की छानबीन में जुट गईं।

**पुलिस ने किए कई खुलासे :** पुलिस ने वंश के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। इस पूरे मामले की छानबीन भी शुरू कर दी। वहीं, अब पुलिस ने इस हत्या के मामले में कई खुलासे किए हैं।

**रास्ते से बाइक हटाने को लेकर हुआ विवाद :** पुलिस ने बताया कि मृतक वंश अपनी जान पहचान की एक लड़की के घर डाटा केबल लेने गया था। तभी वंश ने अपनी बाइक लड़की के घर के पास खड़ी कर दी थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला युवक कुलदीप कार से वहां आ गया और रास्ते से बाइक हटाने को कहने लगा। तभी दोनों के बीच गाली-गलौज हो गई।

**गोली मारने के बाद फरार हुआ कुलदीप :** गुस्से में आकर पड़ोस का लड़का दौड़ कर घर से पिस्तौल लाया और वंश के ऊपर कई गोलियां दाग दी। इसके बाद आरोपी कुलदीप वहां से भाग गया। मुहल्ले के लोग वंश को अस्पताल लेकर गए, जहां उसकी मौत हो गई।

**पुलिस को आपसी रंजिश का भी शक :** पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर आरोपी कुलदीप की तलाश में जुट हुई है। पुलिस का ये भी कहना है कि दोनों के बीच पहले से भी कोई आपसी रंजिश रही है। इसी के चलते आरोपी कुलदीप गुस्से में आकर गोली मार कर हत्या कर दी।